

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 5 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-037 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### एक-एक लाख के तीन इनामी माओवादियों के साथ 35 ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा,5 मई.** दक्षिण बस्तर के तीनों जिले के सरहदी इलाकों में सक्रिय 35 माओवादियों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है, इनमें से तीन माओवादियों पर शासन की ओर से एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था. दक्षिण बस्तर में पुलिस व सीआरपीएफ का माओवादियों पर बढ़ते दवाब का परिणाम नजर आने लगा है. जिसके असर के तौर पर सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में सक्रिय 35 माओवादियों ने एक साथ आज समर्पण किया है. आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की मौजूदगी में मीडिया को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि माओवादी खोखली विचार धारा को समझ चुके हैं. जो लोग नक्सली संगठन को छोड़ कर आ रहे हैं, उनको शासन की पुनर्वासनीति का पूरा लाभ मिलेगा.

### सुसाइड के 21 दिन बाद आज नीचे उतारी गई प्रेमी युगल की लाशें

**गरियाबंद,5 मई.** ओडिशा के जंगलों में बीते 21 दिनों से एक ही फंदे पर लटकी प्रेमी युगल की लाश को आखिरकार पुलिस ने नीचे उतारा. प्रेमी युगल की पहचान होने के बाद भी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच सीमा विवाद की वजह से पेड़ पर लटकी हुई थी. आखिरकार आज मृतक के परिजनों के साथ देवभोग पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई की. बता दें कि गरियाबंद के देवभोग थाना क्षेत्र के कुम्हडी कलागांव से बीते 14 अप्रैल से लापता प्रेमी युगल का शव ओडिशा के जंगलों में एक ही फंदे पर लटका मिला. फैले बदबू से 1 मई को ही बॉडी होने की भनक लग चुकी थी. पहले 3 मई को देवभोग पुलिस डेड बॉडी लेने गई, लेकिन गूगल मेप के लोकेशन ओडिशा में नजर आने पर आगे की कार्रवाई नहीं की. देवभोग पुलिस ने इसके बाद ओडिशा के चंदाहांडी पुलिस को सूचना दी. चंदाहांडी पुलिस 4 मई को मृतक के परिजनों को लेकर मौके पर भी पहुंची, लेकिन घटनास्थल को अपनी सीमा के भीतर नहीं बताकर पल्ला झाड़ लिया था, जिसके बाद आज देवभोग पुलिस दोबारा डेड बॉडी को लेने के लिए मृतक के परिजनों के साथ मौके के लिए निकली थी.

### भिलाई स्टील प्लांट के एसएमएस-3 में आग

**दुर्ग,5 मई.** भिलाई इस्पात संयंत्र में रात 1 बजे एसएमएस-3 में लेडल पंचर होने से आग लग गई. जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बीएसपी फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन बीएसपी प्रबन्धन को लाखों का नुकसान हुआ है.




## मालगाड़ी के इंजन पर गिरी चट्टान, कई ट्रेनें रद्द

**जगदलपुर,5 मई.** केके रेल लाइन पर फिर से लैंडस्लाइड हुआ है. लैंडस्लाइड होने की वजह से बड़ा पत्थर मालगाड़ी के इंजन पर गिरा गया. जिसकी वजह से मालगाड़ी का इंजन डीरेल हो गया है. यह हादसा बोडवारा और शिवलिंगपुरम के बीच सुबह करीब 6 बजे हुआ है. उस घटना की वजह से केके रेललाइन पर आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है. दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) के आने के बाद ही ट्रैक क्लीयर हो पाएगा. वहीं इस लोने से गुजरने वाली सभी पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है. ट्रेक को बहाल करने टीम को मौके के लिए रवाना किया गया है.

## 10 साल पहले वोट बैंक की राजनीति होती थी: नड्डा

**सूरजपुर,5 मई.** छत्तीसगढ़ के सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान होंगे. इसके साथ ही तीसरे और अंतिम चरण का प्रचार शाम 5 बजे थम जाएगा. इससे पहले राजनीतिक पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंक रही है. इसी कड़ी में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंचे. सूरजपुर के हाईस्कूल मैदान में उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया. सबले बढ़िया छत्तीसगढ़ से अपना भाषण शुरू करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि मैंने आपसे वादा मांगा था और आपने मेरी बात मानी. 14 विधानसभा बीजेपी जीती और मजबूत सरकार बनाई. 7 मई को चुनाव में आप सभी मतदान करेंगे. आप लोगों ने पहले से ही मन बना लिया है. आप लोगों ने पहले से भी निर्णय कर दिया है. यह चुनाव पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के सपने को पूरा करने के संपकल्प का चुनाव है.



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस कहती थी कुछ नहीं बदलेगा, सब ऐसा ही रहेगा, सब ऐसे ही चलेगा. अब विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का समय आ गया है. 10 साल पहले वोट बैंक की राजनीति होती थी, धर्म और जाति की राजनीति होती थी. समाज को बांटने तोड़ने का काम किया जाता था. लेकिन पीएम मोदी ने 10 साल में राजनीति की परिभाषा बदल डाली. आज विकासवाद की राजनीति करनी है. उन्होंने सबका साथ सबका विकास का मंत्र दिया.

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा बीजेपी ने जो कहा वो किया. पीएम मोदी ने कहा बदलाव लाओ और उन्होंने वो किया. जनजाति के नाम पर पहले राजनीति होती थी. आपकी तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए कोई काम नहीं होता था. इसके लिए पीएम मोदी ने काम किया है. पीएम मोदी ने आदिवासियों का बजट 3 गुना बढ़ा दिया है. एकलव्य स्कूल के बजट 21 गुना बढ़ा दिया गया है. इसके लिए पूरी ताकत लगा दी गई है. इज्जत घर बनाने का काम भी पीएम मोदी ने किया. सरगुजा और जशपुर से नक्सवाद खत्म हुआ है. हर दिन घोटाला हुआ करता था. आज गरीब की चिंता और सुनवाई हो रही है. महिला को ताकत मिल रही है. युवा आगे बढ़ रहे हैं. देश 10 साल में काफी आगे बढ़ गया है.बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज दवा बनाने में भारत दूसरे नंबर पर खड़ा है. आदिवासी भाई आज मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें लिखा है मेड इन इंडिया. पीएम आवास के तहत 4 करोड़ घर बनाए गए हैं. हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ा गया है. अगले 5 साल में 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे.

## हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने वाला मौलवी गिरफ्तार

**सूरत,5 मई.** पूर्व बीजेपी नेता नूपुर शर्मा ,भाजपा विधायक टी राजा सिंह, हिंदूवादी नेता उपदेश राणा समेत हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने वाले मौलवी को सूरत क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद शोहेल उर्फ मौलवी अबूबकर (27 साल) टीमोल को कठौर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। सूरत क्राइम ब्रांच का दावा है कि मौलवी कई हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रच रहा था और इसके लिए पाकिस्तान से हथियार की सप्लाई होनी थी। हिंदू नेताओं को मारने के लिए 1 करोड़ की सुपारी दी गई है। पेशे से मौलवी के मोबाइल फोन के चैट से कई हैरान करने वाले खुलासे हुए हैं। सूरत क्राइम ब्रांच का दावा है कि मामले में अभी कई और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। गिरफ्तार आरोपी के पाकिस्तान और नेपाल सहित कई देशों में रहने वाले कट्टरपंथियों के साथ संपर्क था। पुलिस को उसके मोबाइल फोन से हिंदू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा को मारने के लिए 1 करोड़ की सुपारी देने और पाकिस्तान से हथियार मंगाने के चैट भी मिले हैं। उपदेश राणा को पाकिस्तान और नेपाल सहित अन्य देशों के कट्टरपंथी व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर कमलेश तिवारी की तरह मारने की धमकी दी थी।शारीरिक रूप से तगड़े और मानसिक रूप से कट्टरपंथी अबूबकर टीमोल की उम्र तो महज 27 साल ही है। लेकिन यह पिछले कुछ समय से अपनी कट्टरपंथी सोच के चलते न सिर्फ सूरत में रहने वाले सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा को मारने के लिए पाकिस्तान से हथियार मंगा रहा था बल्कि इस काम को पूरा करने के लिए वह एक करोड़ रुपए भी दे रहा था।

### विश्व की सबसे बुजुर्ग महिला ने 121 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**मलप्पुरम,5 मई.** विश्व की सबसे बुजुर्ग महिला कुंजीरुम्मा का 121 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था की बीमारी के कारण शनिवार को वलांचेरी के पास पुकात्तिरी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। कुंजीरुम्मा ने स्पेन की मारिया ब्रान्यास (116) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुये गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला के रूप में अपना नाम सूचीबद्ध कराया। कुंजीरुम्मा का जन्म दो जून, 1903 को हुआ था, वह मधुमेह, रक्तचाप या कोलेस्ट्रॉल जैसी कोई जीवनशैली स्वास्थ्य संबंधी बीमारियाँ से पीड़ति नहीं थीं। हालांकि, वह 115 साल की उम्र से घर के अंदर जाने के लिए व्हीलचेयर का इस्तेमाल करती थीं। वह आमतौर पर कांजी (चावल का दलिया) खाती थीं और कभी-कभी थोड़ी मात्रा में बिरयानी भी खाती थीं।


## भाजपा छग की सभी ग्यारह सीटें जीतेगी : साय

**रायपुर,5 मई.** छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश भर से जिस तरह के फीडबैक आ रहे हैं, लगातार होती रही चुनावी सभाओं में जैसी भीड़ उमड़ रही थी, जिस तरह माताओं-बहनों का स्नेह दिख रहा था, उससे वे इस बात के प्रति आश्वस्त हैं कि छत्तीसगढ़ में भाजपा पूरी की पूरी ग्यारह सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी इतिहास बनाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनके लिए भी यह चुनाव अभियान अनेक मायनों में अनोखा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में जनता से सीधे जुडने का यह पहला अवसर था। इस दौरान 20 मार्च से 4 5 तक श्री साय ने छत्तीसगढ़ में 66 बड़ी जनसभाएं की। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बाहर मध्यप्रदेश और ओडिशा में 6 आमसभाएं और रोड शो भी की। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन की दृष्टि से भी बस्तर मे 2 सहित सभी ग्यारह लोकसभा सीटों मे एक कार्यकर्ता सम्मेलन कर कुल बारह कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दी। श्री साय चुनाव प्रचार के क्रम में 24 बड़े सामाजिक सम्मेलनों में भी शिरकत की। इस तरह लगभग हर विधानसभा में कम से कम एक कार्यक्रम हुआ। कुल मिलाकर 45 दिनों में 106 से ज्यादा बार जनसमूह से सीधे संवाद का अवसर मिला। साय ने कहा कि प्रदेश में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, भाजपाध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड़ड़ा जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी समेत सभी लोकप्रिय राष्ट्रीय नेताओं की भी लगातार सभाएं हुई, जिससे भाजपा के पक्ष में और अधिक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण देव जी और प्रदेश के सभी नेताओं की भी सभाओं में सक्रियता रही। हमारे संगठन मंत्री श्री अजय जामवाल और श्री पवन साय, प्रदेश चुनाव प्रभारी श्री नितिन नबीन समेत सभी नेताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनाव में मोदीजी की सरकार की दस वर्ष की उपलब्धियों और प्रदेश सरकार की मोदी गारंटियों को पूरा करने का संदेश जनता तक ले जा पाने में सफल हुई है, यही कारण है कि वे परिणाम के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं।साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेनर मोदी जी के आमंत्रण पर इस बार अनेक देशों के प्रतिनिधि और नेता भारत आए, उनका छत्तीसगढ़ भी आगमन हुआ, वे काफी कुछ यहाँ से प्रेरणा लेकर अपने देश गए हैं। यह भी इस चुनाव की विशेषता रही। प्रेस वार्ता में श्री साय ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और भारत को विकसित देशों की कतार में खड़ा कर देने के लिए हमारे पास जहां एक बड़ा विजन है। जहां हम अपनी योजनाओं, रोडमैप और उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच थे, वहीं देश भर में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने नकारात्मकता और दुष्प्रचार, बदजुबानी की सारी सीमाएं लांघ दी। विशेषकर अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में, जहां की तासीर के बारे में सारा देश जानता है.



## पाकिस्तान की औकात नहीं कि भारत के चुनाव में दखल दे सके: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,5 मई.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के संबंधों का आरोप लगाते हुए खूब भड़के हैं। उनसे जब पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के बयान को लेकर पूछा गया कि क्या पाकिस्तान भारत के चुनाव को प्रभावित कर रहा है? इसके जवाब में राजनाथ ने तल्ख अंदाज में कहा कि पाकिस्तान की इतनी औकात नहीं है कि वह भारत के चुनाव में दखल दे सके। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आग से खेलने का भी आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन का राहुल गांधी की तारीफ करना बड़ी चिंता का विषय है और कांग्रेस को अपने नेता के प्रति ऐसे देश के अगाध प्रेम पर स्पष्टीकरण देना चाहिए जो हमेशा भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता है। राजनाथ सिंह ने एक इंटरव्यू में पाकिस्तान से कांग्रेस के संबंध पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ''एक ऐसे देश से इस अगाध प्रेम के पीछे कोई वजह जरूर होगी जो भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है। यह बड़ी चिंता का विषय है और भारत इस प्यार के पीछे की वजह जानना चाहता है।'' चौधरी 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने का दावा करके चर्चा में आए थे। उन्होंने राहुल ऑन फायर कैप्शन से राहुल गांधी के एक भाषण के अंश एक मई को एक्स पर पोस्ट किया था, जिसकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी। रक्षा मंत्री ने कहा, ''अगर एक ऐसे देश का पूर्व मंत्री राहुल की तारीफ करता है जो भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है तो यह चिंता की बात है। कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।'' राजनाथ सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश भारतीय चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान इसमें कामयाब हो रहा है, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की चुनाव को प्रभावित करने की औकात नहीं है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने राहुल गांधी की पार्टी के उस वादे के लिए शनिवार को फिर उनकी तारीफ की थी कि अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो संपत्ति के पुनः वितरण के लिए सर्वेक्षण कराएगी।



## जेपी नड्डा और अमित मालवीय के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली,5 मई.** राहुल गांधी और कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के एनिमेटेड वीडियो को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित मालवीय के खिलाफ शिकायत चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस का कहना है कि इसके जरिए एससी-एसटी समुदाय को डराने और धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। कर्नाटक बीजेपी के जरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो को लेकर राज्य में विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इस वीडियो को लेकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के सोशल मीडिया इंचार्ज अमित मालवीय और कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है। कांग्रेस ने कहा है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राहुल गांधी का वीडियो में गलत तरीके से पेश किया गया है। मुख्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखी चिट्ठी में कांग्रेस ने कहा है कि बीजेपी कर्नाटक के जरिए शेयर किए गए वीडियो में कथित तौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति (एससी-एसटी) के लोगों को डराया गया है। वीडियो के माध्यम से एक खास उम्मीदवार को वोट नहीं करने की अपील की जा रही है। ऐसा एससी/एसटी समुदाय के सदस्यों के खिलाफ शत्रुता, घृणा और दुर्भावना की भावना पैदा करने के इरादे से किया गया है। इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा विवाद मचा हुआ है। कांग्रेस ने कहा कि एनिमेटेड तरीके से वीडियो में दो दिखाया गया है, वो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि दोनों नेताओं के सहारे ये दिखाने की कोशिश की गई है कि कांग्रेस पार्टी किसी खास धर्म के लोगों का पक्ष ले रही है और एससी/एसटी और ओबीसी समुदाय के सदस्यों का दमन कर रही है।

## ड्रिलिंग मशीन में डीजल फिलिंग के दौरान तीन श्रमिक झुलसे

**दुर्ग,5 मई.** नंदिनी थाना क्षेत्र स्थित पत्थर खदान में हुए हादसे में तीन श्रमिक झुलस गए. घायलों को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक ही हालत गंभीर बताई गई है. नंदिनी थाने की पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी है.

जानकारी के अनुसार, खदान में माउंट ड्रिलिंग मशीन में डीजल फीलिंग के वक्त अचानक गर्म डीजल ड्राइवर समेत तीन श्रमिकों पर छिटक गया, जिसे तीनों बुरी तरह झुलस गए. नंदनी थाना टीआई सतीश साहू ने बताया कि इस हादसे में ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है. उन्होंने बताया कि लगातार पत्थर में ड्रिलिंग की वजह से मशीन गर्म हो चुकी थी, और इसी दौरान उसमें डीजल भरा जा रहा था. गर्म होने के वजह से डीजल डालते ही टैंक से डीजल छिटक गया, जिससे, तीन लोग झुलस गए. घायलो को दुर्ग जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत बिगड़ते देख सेक्टर 9 हॉस्पिटल रिफर किया गया. अस्पताल के बर्न यूनिट में तीनों का इलाज जारी है.

## इंडी गठबंधन की सरकार बन रही: बैज

**रायपुर,5 मई.** प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि तीसरे चरण के चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन है। हमारे छत्तीसगढ़ के 7 सीटों के लिये परसो मतदान होना है। दो चरणों में 4 लोकसभा क्षेत्रों का मतदान हो चुका है। पहले दो चरणों के मतदान में छत्तीसगढ़ 4 सीटों के साथ पूरे देश में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिये मतदाताओं का रूझान साफ दिखा। तीन चरणों के मतदान के रूझान के बाद मोदी और भाजपा घबरा गये उनके भाषणों का रूख बदल गया। वे अपनी 10 साल की कोई भी उपलब्धि नहीं बता पा रहे है। चुनाव को हिन्दू, मुस्लिम, मंगलसूत्र, मछली, मटन, मीट तक ले जाने की तमाम कोशिशे मोदी और उनके साथियों ने किया।इस चुनाव में भाजपा का हिडन एजेंडा संविधान को बदलने और आरक्षण को समाप्त करने का बेनकाब हुआ। जनता यह समझ गयी कि संविधान बदलने के लिये भाजपा 400 पार का नारा दे रही है। लोग यह भी जान गये कि यह संविधान इसलिये बदलना चाह रहे कि बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिये जो प्रावधान संविधान में किया है वह संविधान बदलकर समाप्त किया जा सके। लेकिन भाजपा की यह बदनीयती खुलकर जनता के सामने आ गयी।




## एक नजर

### मतदाताओं को जागरूक करने मूर्तिकार का अनोखा तरीका



**भिलाई, 5 मई।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा चुनाव का खुमार पूरे चरम पर है और हर पार्टी के प्रत्याशी लोगो को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चुनाव आयोग भी ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए विभिन्न प्रकार से लोगों को प्रेरित कर रहा है। छत्तीसगढ़ में आखिरी चरण का चुनाव 7 मई मंगलवार को है। राज्य के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने लोगों को जागरूक करने के लिए अनूठा तरीका अख्तियार किया है। उन्होंने चावल के छोटे से दाने में वोट दें लिखकर इसके उपर व नीचे शान से लहराते तिरंगे का चित्रण करके दर्शाया है कि इसी से भारत मजबूत बनेगा। फोटो में एक महिला मतदाता अपने उंगली के नाखून में चावल पर बने इस पेन्टिंग को रखकर निहार रही है।

### बीएसपी की टीम ने सेल स्तरीय सक्षम क्विज में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**भिलाई, 5 मई ।** सक्षम और समर्थ सेल स्तरीय प्रबंधन और बिजनेस क्विज का ग्रैंड फिनाले 03 मई को बर्नपुर में आयोजित किया गया था। जहाँ भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम ने सेल स्तरीय सक्षम क्विज में पहला स्थान प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि, आईआईएससीओ और डीएसपी के निदेशक प्रभारी बीपी सिंह थे। भिलाई इस्पात संयंत्र की विजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक उमेश मलयथ और प्रबंधक निवेश विजयन शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि बीएसपी की यह टीम सक्षम क्विज की डिफेंडिंग चैंपियन भी है। इस 'सक्षम' क्विज में राउरकेला इस्पात संयंत्र की टीम प्रथम उपविजेता तथा बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम द्वितीय उपविजेता रही। इस अवसर पर बी पी सिंह ने कहा कि यह आयोजन व्यवसाय क्षेत्र से संबंधित उनके ज्ञान और जागरूकता को और भी अधिक समृद्ध करने में सहायक है। संचालन, क्विज़ मास्टर अजय पूनिया द्वारा किया गया। जबकि कार्मिकों के लिए समर्थ क्विज़ का संचालन, भिलाई इस्पात संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक आशीष अग्रवाल और सहायक महाप्रबंधक विकास पिपरानी द्वारा किया गया।

### गर्मी के दिनों में रेल यात्रियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की पहल



**भिलाई, 5 मई।** गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रायपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा जहां रेल यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर साफ एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था वॉटर कूलर एवं वॉटर नल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, साथ ही समाज सेवी संस्थाओं एवं संगठनों को भी निःशुल्क प्याऊ खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है 7 गर्मी के दिनों में यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए पेयजल की अधिक आवश्यकता होती है इसलिए स्वच्छ पेयजल की समुचित इंतजाम मंडल के सभी प्रमुख स्टेशन में किए गए हैं । वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में स्टेशनों में पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति हेतु पानी के प्याऊ का संचालन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है 7 रायपुर रेल मंडल के सभी स्टेशनों के प्लेटफार्म पर यात्रियों की पेयजल व्यवस्था के लिए 283 वाटर बूथ पर लगभग 953 नल एवं ठंडे पानी के लिए 104 वाटर कूलरों पर लगभग 307 नल पेयजल की व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

### चरोदा निगम क्षेत्र के लोगों को महिलाओं ने वोट के लिए किया प्रेरित



**भिलाई-चरोदा 5 मई।** नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्रांतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लोकतंत्र के महापर्व में अपना शत प्रतिशत योगदान करने का कार्य किया जा रहा है। बता दे कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत कार्यरत महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों द्वारा चरोदा निगम क्षेत्र के नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करने प्रति दिवस रैली एवं शपथ सहित अन्य जागरूकता वाले कार्यक्रम किये जा रहे हैं। निगम में सामुदायिक संगठन का दायित्व निर्वहन कर रही श्रीमती कुंती वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे समूह की महिला सदस्यों द्वारा निगम क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर प्रतिदिन मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कम में आज निगम के वार्ड 40 ग्राम गर्निवारी को विशाल रैली निकालकर क्षेत्रवासियों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी।

# भाजपा के रहते कभी खत्म नहीं होगा आरक्षण:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 5 मई।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के बेमेतरा जिले के नवागढ़ में शनिवार को भाजपा की जनसभा में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने की। विशेष रूप से विधायक ईश्वर साहू, दुर्ग लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल भी उपस्थित रहे। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा साजा, बेमेतरा व नवागढ़ में 7 मई को मतदान होना है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की ओर से वर्तमान सांसद विजय बघेल चुनावी मैदान में हैं। इनके प्रचार को लेकर आज शनिवार को सीएम विष्णु देव साय जिले के दौरे पर रहें। उन्होंने जिले के नवागढ़ में जनसभा को दोपहर 1.30 बजे संबोधित किया। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि जब तक देश मे भाजपा है, तब तक आरक्षण खत्म नहीं होगा। आगे उन्होंने कहा खुद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव सट्टा एप मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जो काम किया है, वो काम कोई भी दूसरी सरकार नहीं कर सकती।

सभा को संबोधित करते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस कई तरह के अफवाह फैला रहीं है, जिसमें कहा जा रहा है कि भाजपा की 400 सीट आने पर संविधान को खतरा है, आरक्षण खत्म हो जाएगा। लेकिन, ऐसा कुछ भी नहीं है। भाजपा के रहते न तो संविधान को खतरा है और न ही एसटी, एससी व ओबीसी आरक्षण खत्म किया जाएगा। प्रदेश के सभी 11 सीट भाजपा जीत रही है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रदेश के लोगों के साथ छल किया है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई वादे किए थे, जो 5 साल बाद भी पूरे नहीं हुए। उल्टे भूपेश बघेल के कार्यकाल के दौरान जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। यहीं कारण है कि उनके कई नेता आज जेल में बंद है। सीएम ने आगे कहा कि खुद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव सट्टा एप मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जो काम किया है, वो काम कोई भी दूसरी सरकार नहीं कर सकती। उनके कार्यकाल के दौरान राम मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाया गया। ऐसे प्रधानमंत्री को फिर से तीसरी बार पीएम बनाना है। वहीं इस जनसभा के दौरान कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने भाजपा में प्रवेश किए है। इसमें बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य प्रजा निवार्णी, मुंगेली के पूर्व विधायक बारमते समेत दर्जनभर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाटन विधानसभा में कांग्रेस के पुर्व मंत्री की सभा में सौ दो सौ लोग ही आते हैं और हमारे ईश्वर साहू की सभा में पांच सात सौ लोग रहते हैं। मां लक्ष्मी कमल में विराजमान होती हैं और उनके पति विष्णु देव जी है और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय है। माता लक्ष्मी की कृपा छत्तीसगढ़ प्रदेश पर है।

### ससुर पर फायरिंग कर फरार दामाद गिरफ्तार



**भिलाई 5 मई।** सुपेला थाना क्षेत्र क्षेत्र में ससुर पर फायरिंग कर फरार हुआ दामाद ग्राम -मुरमुंदा स्थित फार्म हाउस में दबोचा गया। पत्नी के मायके में रहने से नाराज दामाद ने ससुराल पहुंचकर विवाद किया और बीच में आने पर अपने ससुर पर फायरिंग कर दी थी,लेकिन एयरगन से नहीं बल्कि असली पिस्टल से प्राणघातक हमला किया था। पूर्व में आरोपी के साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था शहर एएसपी सुखनंदर राठौर ने बताया कि 25 अप्रैल की शाम 7 बजे सूचना मिली कि ससुर ओमप्रकाश को दामाद ने अपने साथी के साथ मिलकर फायरिंग कर दी है। जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने स्पर्श अस्पताल पहुंचकर ओमप्रकाश का कथन लिया। ससुर ओमप्रकाश ने बताया कि दामाद चन्द्रभूषण सिंह शराब पीने का आदि है। जो अपनी पत्नी से आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है। ओमप्रकाश की बेटीअपने घर आ गई थी तो आरोपी चन्द्रभूषण सिंह अपने साथी रोशन निषाद के साथ मिलकर हत्या करने का प्लान बनाकर ओमप्रकाश को पिस्टल जैसी किसी चीज से चेहरे के पास फायर कर दिया और चन्द्रभूषण सिंह एवं उनका दोस्त मौके से फरार हो गया था भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मामले के आरोपी रोशन निषाद को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मुख्य आरोपी चन्द्रभूषण सिंह (33वर्ष) निवासी सुपेला घटना के बाद से पिस्टल लेकर फरार हो गया था। मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी चन्द्रभूषण सिंह ग्राम- मुरमुंदा स्थित फार्म हाउस में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही सुपेला टीआई राजेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।

# लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 5 मई।** सात मई को दुर्ग लोकसभा के लिए होने वाले मतदान के लिए पुलिस अब पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है लगातार जांच व कार्रवाई की जा रही है दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग और एसपी जितेंद्र शुक्ला ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली बैठक में शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए पूरी तरह से सक्रिय रहकर जिम्मेदारी से काम करने के लिए कहा। साथ ही बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर उन पर नकेल कसने के लिए भी कहा गया बैठक में फिक्स प्वाइंट, नाकेबंदी, फ्लैग मार्च, पैदल पेट्रोलिंग

पेट्रोलिंग, संवेदनशील मतदान केंद्र की सुरक्षा आदि पर भी चर्चा की गई पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-छह में आयोजित बैठक में दुर्ग रेंज के आइजी राम गोपाल गर्ग और एसपी जितेंद्र शुक्ला ने आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में बैठक लेकर चुनाव के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को निर्भीक एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराना प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि नर्वाचन

का महत्वपूर्ण कार्य सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि अवैध परिवहन, नगदी, शराब या अन्य नशे की सामग्री एवं अन्य सामग्री आने की संभावना पर सघन जांच नियमित करें। उन्होंने पारदर्शिता के साथ कार्य करने कहा इसकी जांच रिपोर्ट नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में चर्चा करते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कहा। उन्होंने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण का अहसास दिलाने के साथ-साथ असामजिक तत्वों में कानून का भय करने हेतु फिक्स प्वाइंट, नाकेबंदी, फ्लैग मार्च, पैदल पेट्रोलिंग, पेट्रोलिंग करने के लिए कहा साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों की सुरक्षा आदि पर चर्चा की असामाजिक तत्व, अपराधी, गुंडा चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास करता है या माहौल खराब करने की स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें कोशिश करे तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति प्रलोभन देकर या शराब, पैसा आदि का वितरण करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई करें। बैठक में एएसपी ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर, शहर एएसपी अभिषेक झा एवं सुखनंदन राठौर, क्राइम एएसपी ऋचा मिश्रा, परिवीक्षाधीन आइपीएस व दुर्ग सीएसपी चिराग जैन, परिवीक्षाधीन आइपीएस व पद्मनाभपुर थाना प्रभारी अक्षय प्रमोद सावद्रा सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे ।

## समाचार संक्षेप

### एबीपी पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन के लिए द्वितीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 5 मई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा एनुअल बिजनेस पर्सपेक्टिव 2024-25 एबीपी 2024-25 पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन हेतु द्वितीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। यह आयोजन संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता मंचासीन थे। संवाद सत्र के दौरान प्रश्नों का जवाब देते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि हम सब के मिलकर काम करने से हासिल हुई है। उन्होंने कहा, हमें सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता देना है। जिसे सभी को फॉलो करना चाहिए। बाजार में प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए, हमें लागत नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रतिस्पर्धी बाजार में अग्रणी बने रहने के लिए हमें अपने उत्पादों की बेहतर क्वालिटी और उचित कीमतों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। इसके लिए हमें अपने रॉ मटेरियल की गुणवत्ता को भी बनाये रखना होगा। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं उपस्थित कार्यपालक निदेशकों ने संवाद सत्र में अधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए। सेफ्टी पर प्रस्तुतीकरण सहायक प्रबंधक जी गौतमन, पीपीसी पर प्रस्तुतीकरण महाप्रबंधक व्ही एम कृष्णा और वित्त एवं लेखा पर प्रस्तुतीकरण उप महाप्रबंधक एच एस गिलहरे एवं उप प्रबंधक सुश्री निकिता केसवानी ने दिया। संवाद सत्र में संयंत्र के अधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न किये, जिनका उत्तर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशकों ने विषयों के अनुरूप, अनुकूल जवाब दिये। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक सुश्री अवंति वुचुला द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक मनोज कुमार दुबे द्वारा दिया गया।

### बीएसपी आयोजित त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर उद्घाटित



**भिलाई, 5 मई ।** महिला सशक्तिकरण कौशल विकास योजना के तहत श्रमिक क्षेत्र कैम्प-1 में त्रैमासिक जूट शिल्प प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 3 मई को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रभारी बी डी बाबू द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि बी डी बाबू ने कहा कि देश के विकास के साथ-साथ हमारे संयंत्र के संचालन में महिलाओं की हमेशा से अहम भूमिका रही है। महिलाएं जब घर के प्रत्येक कार्य को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकती हैं तो वे किसी भी काम को करने में सक्षम हैं। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड से संयोजन प्रमुख सी एस केहरी ने प्रशिक्षण शिविर आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित किया। इस कार्यशाला के तहत गांव की महिलाओं को जूट हस्तशिल्प की प्रशिक्षिका श्रीमती भुवनेश्वरी साहू द्वारा तीन महीने तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सी एस केहरी एवं प्रशिक्षिका श्रीमती साहू ने जूटशिल्प के विविध पहलू एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान सभी महिलाओं को तीन महीने की अवधि तक 3,000/- रुपये मासिक स्टाइपेड (मानदेय) भी दिया जाएगा। संचालन श्रीमती रजनी रजक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड से शरद साहू, नितेश तराने, मनोज तथा चितलेख साहू तथा सीएसआर विभाग से बुधेलाल ने विशेष योगदान दिया।

### तीन तालाब के समीप उद्यान पड़ा वीरान, झूले एवं रॉकेट का आधा हिस्सा गायब, जिम के सामान टूटे-फूटे

**भिलाई, 5 मई ।** बापू नगर वार्ड क्रमांक-43 सेक्टर-11 खुर्सीपार तीन तलाब के बाजू वाला उद्यान वीरान हो गया है। गार्डन में झूले गायब हो गए हैं। जिम के समान टूटे-फूटे हैं और बच्चों के झूलने वाले रॉकेट का आधा हिस्सा गायब हो गया है। कुछ जिम के बेयरिंग टूट गए हैं। गेट के अंदर घुसते ही जानवरों के गंदगी फैली हुयी है। शिवसेना के नेता एवं समाजसेवी राजू गुप्ता ने निगम प्रशासन से सवाल किया है कि बच्चे खेलें तो कहाँ खेलें ?



## विद्युत जोन के अधिकारी व कर्मचारी पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 मई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में विद्युत जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही में उत्तम कार्य प्रदर्शन हेतु उप प्रबंधक हरविंदर सिंह केम्बो को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में माह दिसम्बर 2023 के लिए चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन बी अपन्ना, माह जनवरी 2024 के लिए चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन धीरेन्द्र कुमार जैन तथा मार्च 2024 के लिए चार्जमैन कम वरिष्ठ तकनीशियन मोहनलाल गांवरे को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रकाश, महाप्रबंधक पी के पाढी, महाप्रबंधक आर आर ठाकुर, महाप्रबंधक एम ए सिद्दकी, महाप्रबंधक अक्षय कुमार नायक, महाप्रबंधक सुश्री एस लक्ष्मी, महाप्रबंधक उमाषंकर बरवाल तथा सहायक महाप्रबंधक अनुरोध डारहे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय कार्मिक अधिकारी गिरीष कुमार मढरिया ने तथा संचालन एमटीए मिहिर मनोहर ने किया। अनुभाग अधिकारी सुश्री डामेश्वरी बेलसर ने आभार प्रदर्शन किया।




## 2 बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 5 मई।** हथियार लेकर घर में घुसकर मारपीट करने वाले भिलाई नगर के एक गुंडा-बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस को एक-डेढ़ घंटे चकमा देता रहा और आखिरकार रात 3 बजे दबोचा गया। आरोपी अमित जोश के विरुद्ध थाना भिलाई नगर सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्र में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, अपहरण, मारपीट जैसे कुल 49 प्रकरण दर्ज हैं पुलिस ने आरोपी अमित को जिला बदर करने के लिए प्रतिवेदन भेजा है। भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 3 मई को 27 वर्षीय प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 30 अप्रैल की 7 बजे आरोपी अमित जोश ने गाली-गालौच करते हुए प्रार्थिया के घर घुसकर धारदार हथियार दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की रिपोर्ट पर थाना भिलाईनगर ने धारा 452, 294, 506, 323 व 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपी अमित जोश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया है भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि भाठापारा रुआबांधा के पास सागर बाग उर्फ डागी नामक युवक चाकू को लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंचकर चाकू लहराने वाले व्यक्ति सागर बाघ उर्फ डागी (23 वर्ष) निवासी रुआबांधा को गिरफ्तार किया है। आरोपी सागर बाघ थाना भिलाई नगर क्षेत्र का गुंडा बदमाश है, जिसके विरुद्ध थाना भिलाईनगर में हत्या, हत्या के प्रयास एवं मारपीट के 12 अपराध पंजीबद्ध है।

# चोरी के लिए रेकी कर रहे चार लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई 5 मई।** पाटन थाना क्षेत्र मिक्सी बेचने की आड़ में चोरी के लिए रेकी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं चार आरोपी अब भी फरार है। घटने का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और एएसपी क्राइम रिचा मिश्रा ने बताया कि पाटन निवासी मनहरण लाल देवांगन का मोती ज्वेलर के नाम से पुराना बाजार चौक पाटन में ज्वेलरी की दुकान है। 21 जनवरी की रात दुकान का काम खत्म कर बंद कर घर पीड़ित घर निकल गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो अज्ञात ने शटर तोड़कर सारे जेवरात को पार कर लिया था। दुकान से डेढ किलो चांदी के सामान गायब हुए थे। आरोपियों को पकड़ने के लिए एएसपी ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर, डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक एसडीओपी पाटन आशीष बंछोर के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार साहू के नेतृत्व में टीम बनाई गई पुलिस को सूत्र ने बताया कि कैमरों के फुटेज को बारिकी से जांच किया गया। मोतीपुर से कुम्हारी ग्राम उरला तक सीसीटीवी कैमरा नहीं होने से पुलिस को दिक्कत हुई। इसके अलावा पुलिस ने कुछ जगहों से सीसीटीवी कैमरा को चेक करने पर आरोपियों की वाहन गाड़ी लाभाण्डी मोड़ रायपुर में दिखाई दिया। पुलिस उक्त वाहन के बारे पूछताछ करना शुरु किया। जिससे पता चला कि वाहन खिलेन्द्र वर्मा मोवा रायपुर के होने की जानकारी मिली। पुलिस ने चालक खिलेन्द्र वर्मा अलीगढ़, उत्तर प्रदेश से आने की जानकारी हुई साथ ही उसका अपराधिक रिकार्ड होने की सारी जानकारी पुलिस को मिली आठ युवक ज्वेलरी शॉप में चोरी करने घुसे अपराधियों को अपने स्वयं के वाहन में बिठाकर घटना से पूर्व दो दिनों तक मिक्सी बेचने के बहाने मोती ज्वेलर्स पाटन का रेकी किया। फिर सारा सामान उडाकर साथ लेकर फरार हो गए थे। आरोपी खिलेन्द्र से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि रायपुर में रहकर मिक्सी बेचने के आड़ में घुम-घूम कर रेकी करते थे पाटन में मोती ज्वेलर्स में 8 लोग मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में मोहल्ला जलाली, थाना हदुआगंज, जिला अलीगढ़, (उ.प्र.) निवासी साकिब कुरैशी, ग्राम करेहला गोरखा, थाना गोण्डा, जिला अलीगढ़ यूपी जसंत यादव उर्फ कलवा, ग्राम करेहला गोरवा, थाना गोण्डा, जिला अलीगढ़ यूपी पप्पू प्रजापति शामिल है उक्त चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस अलीगढ़ रवाना हुई है

उक्त कार्यवाही में एसीसीयू से सउनि चंद्र शेखर सोनी, प्र.आर. संतोष मिश्रा, रूमन सोनवानी, वंद्रशेखर वंजीर, विजय शुक्ला, आरक्षक पंकज चतुर्वेदी, राजकुमार चंद्रा, उपेन्द्र यादव, मेघराज बेलक, अश्वनी, वित्रसेन साहू, विक्रांत यदु, थाना से पाटन से उनि चित राम ठाकुर, आरक्षक मोहनीश की भूमिका उल्लेखनीय रही

## एक नजर

### श्लोक शर्मा सर्व ब्राह्मण युवा मंच के शहर महासचिव घोषित



**रायपुर 5 मई।** समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन कैलाशपुरी में आयोजित बैठक में शहर के युवा समाजसेवी श्लोक शर्मा को युवा मंच में शहर महासचिव के पद पर सर्वसम्मति से घोषित किया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने श्री शर्मा को नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी । उक्त आशय की जानकारी समाज के जिला महासचिव धनंजय शर्मा ने दी । बैठक में मुख्य रूप से मनीष मिश्रा, सुमित शर्मा ,मुकेश मिश्रा ,अक्षय शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### छुरिया में सेल्समैन से परेशान राशनकार्ड धारक



**छुरिया 5 मई।** नगरी निकाय व ग्राम पंचायतों मे अप्रैल माह में ही 2 महीने का राशन वितरण हो चुका है लेकिन छुरिया नगर पंचायत का सेल्समेन एक ही माह का चावल वितरण किया है। महीने का ऐसा कोई दिन नहीं है जो 15 से 20 तारीख के पहले वितरण चालू हुआ हो, हमेशा सेल्समैन 15 से 20 तारीख़ बाद ही राशन का वितरण शुरु करता है, जिससे भीड़ बड़ जाता हैं, कड़ी धूप में भरी दोपहरी में लोगों को लाइन में लगवा कर मशीन खराब हो गया है । बहाना बताकर राशन वितरण नहीं किया जाता हैं शासन के मंसा को ठेस पहुंचा कर अपने मनमर्जी हिसाब से खाद्यान्न का वितरण करता है । सेल्समैन के कारण कार्डधारियों में आए दिन तू तू मै मय होता हैं , कई बार राशन के कारण तना तनी व मारपीट की स्थिति बन जाता हैं। छुरिया में लगभग 1200 से 1300 कार्ड धारी है और बताया जाता है सेल्समेन लाममेटा व छुरिया दो जगह का वितरण प्रणाली का दुकान संभलता है। जिसके कारण भी आज यह सब स्थिति निर्मित होती है छुरिया नगर पंचायत को चाहिए कि यहां दो दुकान खाद वितरण का करना चाहिए ।जिससे सुचारू रूप से एवम् निर्विवाद खद्यान वितरण हो सके। वहीं समय में राशन दुकान नहीं खुलता, यह भी बहुत बड़ी वजह है कई बार गरीब परिवार को समय में राशन नहीं मिलने से किराना दुकान में महंगी दाम में चावल खरीदकर अपने बच्चों का पेट भरता है । समय और व्यवस्था में सुधार की अत्यंत जरूरत है। यहां की जनप्रतिनिधि जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं देते हैं ,जहां फायदा दिखता है वही ध्यान देते हैं विडंबना है नगर पंचायत छुरिया की।

### जिले में पीटीएम अभियान से प्रेरित हुआ साहू समाज परिक्षेत्र झिरिया

**धमतरी 5 मई।** जिले में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में शामिल विद्यार्थियो को उनके परिणाम के बाद किसी तरह का अवसाद उत्पन्न ना हो इसके लिए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में पालक शिक्षक संवाद अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियो को उनके पलकों के साथ समझाइश दी जा रही है। साथ ही कलेक्टर के निर्देश पर शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग के अमला द्वारा विद्यार्थियो के घर पहुंचकर उनसे चर्चा की जा रही है। इन्हीं सब बातों से प्रेरित होकर साहू समाज परिक्षेत्र झिरिया द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवपुर में निःशुल्क कोचिंग क्लास, शैक्षणिक कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह कोचिंग 5 मई से 30 मई तक सुबह 8 से 11 बजे तक चलाया जाएगा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने इसकी सराहना की और साहू समाज परिक्षेत्र झिरिया को साधुवाद देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिए दिया गया यह योगदान सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए अपनी शुभकामनाएं भी दिया। गौरतलब है कि कोचिंग लेने के लिए विद्यार्थी निर्धारित प्रपत्र में पंजीयन पत्र भरकर जमा कर सकते हैं।

### जिले के 200 से ज्यादा स्कूलों में पालक-शिक्षक संवाद आयोजित

**धमतरी 5 मई।** आगामी दिनों में घोषित होने वाले दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम के दौरान जिले में विद्यार्थियों द्वारा किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम देने से बचाने और उनमें उत्पन्न तनाव एवं डिप्रेशन को दूर करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले की 200 से ज्यादा स्कूलों में आज पालक-शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों में आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय सहित जिले के अधिकारियों ने स्कूलों में जा-जाकर बच्चों एवं पालकों से मुलाकात की और समझाईश दी। इस आयोजन को लेकर पालकों एवं बच्चों में काफी उत्साह दिखा। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने शिव सिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल पहुंचकर बच्चों और पालकों से भेंट किया। कलेक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में दसवीं, बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने वाले। इस दौरान असफल अथवा कम अंक प्राप्त करने वाले बच्चे पर दबाव ना डालें। साथ ही आपके आसपास यदि ऐसा कोई बच्चा हो तो, उनके भी परिजनों से भेंटकर बच्चे को किसी अप्रिय घटना की ओर जाने से रोकें। उन्होंने कहा कि बच्चे की अन्य छुपी हुई प्रतिभा को पहचाने और उसे उसी दिशा में आगे आने में मदद करें। बच्चों पर नकारात्मकता को हावी ना होने दें। ये दौर बच्चों के लिए काफी नाजुक है, पालकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को इस दौर से उबारें और उन्हें आगे बढ़ने में सहायक बनें। उन्होंने शिक्षकों का आह्वान किया कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक आगे बढ़ाने के लिए उन्हें रोचक कहानियां और प्रेरक शब्द बताएं, जिससे बच्चे डिप्रेशन में जाने से बचें।

# कलेक्टर के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या का किया जा रहा निराकरण

**■ पीएचई एवं पंचायत विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामों का निरीक्षण कर पेयजल समस्या का किया समाधान**



**राजनांदगांव 5 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने पीएचई और पंचायत विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निदान करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में संयुक्त टीम द्वारा गांवों में जाकर ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। हैण्डपम्प और बोर की स्थिति का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल सके। जिन गांवों में पानी की समस्या है उन गांवों में पेयजल की समस्या के लिए समाधान किया जा रहा है। पंचायत एवं पीएचई विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जल की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक ली गई। पीएचई और पंचायत विभाग की टीम द्वारा जिले के ग्राम रामाटोला, खूबटोला, कोटनापानी, घोरदा, बनहरदी , रामपुर, कोटरासरार और करमतरा का निरीक्षण किया गया और वैकल्पिक समाधान किया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए नए कार्यो का चिन्हांकन भी किया गया।

पीएचई एवं पंचायत विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। जिन ग्रामों में पूर्व से पेयजल संबंधित समस्या ग्रीष्मकाल में आती है या भूजल का स्तर गिरता रहा है ऐसे गांवों का चिन्हांकन किया गया। इन ग्रामों में जल संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। डबरी निर्माण, कुआँ निर्माण, परकोलेशन टैंक के माध्यम से जल संरक्षण के उपाय किये जा रहे हैं। जिससे ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ेगा। संयुक्त टीम ने ग्रामीणों को बताया कि धान की खेती में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया। जिससे भूजल स्तर अच्छा रहेगा।

# एलएलबी कप बेसबॉल में अजीज पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले ही वर्ष में रजत पदक प्राप्त किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 मई।** बिलासपुर में आयोजित तीन दिवसीय एल. एल. बी.बेसबॉल अंडर 12 वर्ग की प्रतियोगिता अयोजीत की गई थी।अजीज पब्लिक रामाटोला स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबले में पहुंची।पहला मैच ए. पी. एस रामाटोला विरुद्ध संदीपाली अकादमी के साथ रहा जिसमें ए. पी. एस.रामाटोला की टीम ने 13-5 से विजय हासिल की.वही टीम का दूसरा मुकाबला ए. पी. एस.रामाटोला विरुद्ध बेसबॉल क्लब मुंगेली से हुआ टीम 6 -00 से विजय हुई.ए. पी. एस .रामाटोला की टीम अपने पुली की टॉपर टीम बनी.इस जीत के साथ ए. पी. एस.रामाटोला की टीम सेमीफाइनल राउंड में प्रवेश की, जहां उनका मुकाबला जी.पी.एम.टीम के साथ हुआ इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 23-5 से विजय होकर फाइनल में प्रवेश की । किया. कोच ओमान नारायण ने बताया कि यह बच्चे पहली बार बेसबॉल का खेल खेलते हुए उत्तम प्रदर्शन किया जो की काफी हर्ष का विषय है।और उनका सामना पिछले साल की विजेता टीम बिलासपुर बेसबॉल क्लब के मध्य हुआ।यह मुकाबला काफी अच्छा रहा लेकिन ए. पी. एस. रामाटोला के विजय रथ को विजेता टीम बिलासपुर बेसबॉल क्लब की टीम एक बार फिर रोकने में कामयाब हुई और अपने जीत के सामने नहीं आने दी और दो इनिंग्स से अपनी जीत दर्ज की। अजीज पब्लिक स्कूल रामा टोला के प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर और उप प्राचार्य तन्मय शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।शाला प्रबंधक ने भी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई दी और आशीर्वाद प्रदान किया। साला के उपप्राचार्य ने बताया कि शाला के खेल शिक्षक ओमान नारायण की निगरानी में यह टीम एक माह की कड़ी मेहनत कर प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची थी और यह वर्ष की शुरुआत में ही इस प्रकार का प्रदर्शन विद्यार्थी एवं शाला के लिए गौरव की बात है. टीम कोच ओमान नारायण, क्षितिज मेश्राम, राहुल ठाकुर सहित समस्त टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।



# कांग्रेस देश की मातृशक्ति को ठगने का काम कर रही है:भाजपा

**रायपुर 5 मई।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक रंजना साहू ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय योजना पर कांग्रेस के दोहरे मापदंडों पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया और अब महालक्ष्मी न्याय योजना के नाम पर कांग्रेस देश की मातृशक्ति को ठगने का काम कर रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस महालक्ष्मी योजना को लेकर ढोल तो खूब पीट रही है, लेकिन अपने घोषणापत्र में वह इस बारे में कुछ और कह रही है। श्रीमती साहू ने इस योजना को लेकर कांग्रेस के प्रचार के ढोल की पोल खोलते हुए कांग्रेस घोषणापत्र में उल्लिखित बिंदुओं का खुलासा किया। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि- नए प्रत्येक भारतीय गरीब परिवार को बिना शर्त नगद हस्तांतरण के रूप में 1 लाख रुपए प्रतिवर्ष प्रदान करने के लिए एक महालक्ष्मी योजना शुरू करने का संकल्प लिया है। हितग्राहियों की पहचान सबसे जरूरतमंद परिवारों में से की जाएगी। इसी प्रकार यह राशि सीधे घर की सबसे बुजुर्ग महिला के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। बुजुर्ग महिला नहीं रहने पर इस परिवार के सबसे बुजुर्ग सदस्य के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। योजना को चरणों में शुरू किया जाएगा और लाभार्थी परिवारों की संख्या और गरीबी उन्मूलन पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए हर साल समीक्षा की जाएगी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस एक तरफ प्रत्येक महिलाओं को एक लाख रु. सालाना देने की बात कह रही है जबकि उसका घोषणापत्र कह रहा है कि गरीब परिवारों की किसी एक महिला को यह राशि दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा महिलाओं के साथ की गई धोखाधड़ी का जिक्र करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि महतारी सम्मान योजना के तहत प्रति माह 500 रुपए और विधवा और वृद्ध महिलाओं को 1000 रुपए का वादा करके पाँच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया और अब 8,333 रुपए हर माह देने का वादा करके सत्ता हासिल करने कांग्रेस किस स्तर तक मातृशक्ति के साथ धोखाधड़ी करने की मंशा पाले बैठी है!

# वोट के दिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों को दोपहर 1 बजे के बाद खोलने का आग्रह

**रायपुर 5 मई।** चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने लोकतंत्र के महापर्व पर पहले मतदान-फिर दुकान के तहत 7 मई 2024 को प्रदेश के 7 लोकसभा सीटों में होने जा रहे चुनाव पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों को दोपहर 1 बजे के बाद खोलने का आग्रह किया छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार, दिनांक 7 मई 2024 को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में ÷पहले मतदान-फिर दुकान के तहत शत् प्रतिशत मतदान हेतु चेम्बर द्वारा सभी व्यापारिक संगठनों, इकाइयों के पदाधिकारियों एवं समस्त व्यापारी बंधुओं से अपील की गई कि वे अपना, अपने परिवार का, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य एवे आसपास के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अवश्य ही प्रेरित करें। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि मंगलवार, 7 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में रायपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर एवं दुर्ग लोकसभा हेतु प्रदेश के 7 लोकसभा सीटों के लिये मतदान किया जाना है। श्री पारवानी ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से निवेदन किया कि मताधिकार का उपयोग प्रजातंत्र के लिये अनिवार्य है, अतः लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिये अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें । उन्होंने प्रदेश के समस्त व्यापारी बंधुओं से भी अपील की कि मंगलवार, 7 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर 1 बजे के बाद ही खोले जावें ताकि उक्त लोकसभा सीटों पर शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

# रामनगर में हत्या का फरार मुख्य आरोपी छोटू राधे गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 मई।** प्रार्थी दिनेश साहू पिता स्व0 चतुर राम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन क्रबिस्तान के पिछे वार्ड नं0-07 रामनगर ओपी चिखली थाना कोतवाली राजनांदगांव रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28.04.2024 के रात्रि करीबन 21:00 शंकरपुर मदरसा मैंदान के पास ईश्वर साहू के घर सामने में गली में छोटू राधे उर्फ अविनाश और अन्य के द्वारा मेरे भाई महेश छोटू को लडाई झगडा कर हाथ मुक्का और डण्डा से मारपीट कर किसी धारदार वस्तु से वार करने से सिर व गले में चोट लगने के कारण मृत्यु हो गया है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामला गंभीर प्रवृत्ति का होने से जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया, तत्काल ही श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जिला राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, की निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपीयो की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया, साक्ष्य संकलन कर पता तलाश किया जा रहा था आज दिनांक को विश्वस्वत मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की हत्या के मुख्य आरोपी छोटू राधे को चिखली बस्ती में लुका छिपा घुमना दिखा है तब तत्काल स्टॉप के साथ चिखली बस्ती में जाकरघेराबंदी कर आरोपी के तलाश किया गया जो चिखली बस्ती में आरोपी छोटू राधे को और एक विधि से सघर्षरत बालिका के साथ पकडा गया, पुछताछ पर आरोपी अविनाश गजभिये ने बताया की घटना दिनंक को मैदांन में हम लोग मैं, मेरी गर्लफ्रेंड, बादी, प्रदीप साहू, मृतक छोटू महेश, चिकन पार्टी शराब के साथ खाना पीना कर रहे थे, शाम रात्री हो गया था करीबन 08:30 बजे मैं मेरी दोस्त के साथ सिगरेट पी रहा था उसी समय प्रदीप साहू आकर मेरी गर्लफ्रेड के सामने अब्बे सिगरेट दे बोला तो मुझे बहुत गुस्सा आ गया तो उसे लात से मार कर गिरा दिया, वह और गंदी गाली देने लगा तो मेरी गर्लफ्रेड ने उसे झापड़ मार दिया बादी ने भी मारा फिर हम तीनो मिलकर उसे हाथ मुक्का लात डण्डा तब छोटू महेश इसे क्यो मार रहे हो करके गली गलौच किया तो उसे भी मारने लगे वह भी हम लोगो को हाथ मुक्का और डण्डा से मार रहा था, फिर मैंने से छोटू महेश के गले में टंगिया से मारा तो उसका बहुत खुन निकलने लगा तब हम लोग घबरा गये मरा हुआ समझ कर भाग गये दो-तीन दिनो तक कवर्धा बिलासपुर तरफ छिपत घुमते रहे पैसा खत्म होने पर वापस आये है। बाद पुछताछ आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टंगिया पहने हुये कपड़े और एक्टीवा को बरामद कर जप्त किया गया।

**■ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ हुई बदसलूकी के मामले में साधा निशाना**

# भाजपा का सवाल: राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जांच करने का दिखावा कर लीपापोती क्यों कर रही

**रायपुर 5 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा के साथ हुई बदसलूकी के मामले में कांग्रेस की रीति-नीति पर जमकर हमला बोला और सवाल दागा है कि राधिका खेड़ा के मामले में कांग्रेस जांच करने का दिखावा कर मामले की लीपापोती क्यों कर रही है? श्री देव ने कहा कि जब यह घटना हुई, उसके ठीक दूसरे दिन कांग्रेस के नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर पवन खेड़ा तो रायपुर में थे। अगर वह चाहते कि सचमुच राधिका खेड़ा को न्याय मिले तो वहीं आमने-सामने सारी बात सुनकर मामले का पटाक्षेप कर देते और सुश्री खेड़ा को न्याय दिलवा देते। श्री देव ने कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री राधिका खेड़ा को विश्वास दिलाया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के रहते उनको कुछ नहीं होगा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की गारंटी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा का शासन है, सुश्री खेड़ा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराती हैं तो प्रदेश सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी होकर, यथोचित कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि इस पूरे मामले के मद्देनजर हैरत तो इस बात पर हो रही है कि %लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ% का जुमला उछालने वालीं कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा छत्तीसगढ़ आकर महिला सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण की डींगें हाँक गईं, पर इस मामले में उनके मुँह से दो बोल तक नहीं फूटे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो इस मुद्दे पर सवालों से बचने के लिए यहाँ आयोजित अपनी पत्रकार वार्ता ही रद्द करके दिल्ली लौट गए। छत्तीसगढ़ आकर दिल्ली लौटने के बाद पवन खेड़ा को भी इस मामले की सुध लेना याद आया! श्री देव ने कहा कि दरअसल महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से खिलवाड़ करना कांग्रेस के डीएनए में रचा-बसा है। कांग्रेस में महिला नेत्रियों के साथ किस तरह दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है, यह सुश्री खेड़ा के साथ हुई बदसलूकी से एकदम साफ है। श्री देव ने कहा कि पीड़ित पक्ष कोई साधारण महिला नहीं है, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और वह खुलेआम कह रही हैं, सोशल मीडिया पर लिख रही है कि उनसे दुर्व्यवहार हुआ। श्री देव ने कांग्रेस प्रवक्ता सुश्री खेड़ा के उस ट्वीट का उल्लेख भी किया, जिसमें सुश्री खेड़ा ने दो दिन पूर्व कहा था- ÷दुशील को लेकर कका का मोह एक लड़की की इज्जत से बढ़कर है।÷ पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आखिर क्यों अपनी ही पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता के अपमान की कीमत पर किसी के प्रति मोहग्रस्त हैं? क्या भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में एक महिला को ए लड़की कहकर अपमानित की तर्ज पर ही अब सुश्री खेड़ा को भी उसी भाषा में नसीहत देने की फिराक में हैं कि ए लड़की, ज्यादा राजनीति मत कर।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि कांग्रेसियों के लिए इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के पास न्याय मांगने के लिए सुश्री खेड़ा को सुरक्षा के लिहाज से अपनी माँ के साथ जाना पड़ा! महिलाओं के सम्मान, उनके लिए महालक्ष्मी न्याय योजना और लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ का ढोल पीट रही कांग्रेस और प्रियंका वाड्रा यह बताएँ कि जब कांग्रेस में ही महिला नेत्रियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है, राष्ट्रीय स्तर की नेत्री को ही न्याय के लिए पाँच दिनों से इंतजार करना पड़ रहा है, वह कांग्रेस देश की महिलाओं के सम्मान की रक्षा और उनके साथ क्या खाक न्याय करेगी?

## समाचार संक्षेप

### हिप्नोटाइज करके ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह पुलिस की गिरफ्त में



**डोंगरगढ़ 5 मई।** प्रार्थिया कंचन टेम्भुलकर कालका पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ने दिनांक- 24.04.2024 को थाना डोंगरगढ़ में एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक- 13.04.2024 के प्रातः लगभग 10:00 बजे सांई रथ के साथ 04 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर के पास आकर चारों आरोपीगण एक राय होकर पुजा-पाठ का ढोंग करते हुये प्रसाद खिलाकर व अगरबत्ती जलाकर पूजा करने तथा पति एवं बच्चों के साथ दिनांक- 26.04.2024 तक कोई गंभीर हादसा होने का भय दिखाकर हिप्नोटाईज (सम्मोहन) करके प्रार्थिया को सांई बाबा में घर में रखे पुरा सोना चांदी पैसा को चढ़ा दो कहने पर आरोपियों के झांसे में आकर प्रार्थिया कंचन टेम्भुलकर घर में रखे सोने का नेकलेस 1, सोने का चैन 2 नग, सोने का टाप्स 2 नग, सोने का झुमका 02 नग किमती-330000/-रू0 का आभूषण को निकालने पर चारों आरोपीगण द्वारा एक राय होकर ठगी करके महाराष्ट्र अमरावती अपने घर लेकर चले गये थे जिसकी रिपोर्ट होते ही श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये अज्ञात आरोपियों का पता तलाश किया गया जो पतासाजी दौरान थाना डोंगरगढ़ की पुलिस टीम व सायबर सेल की मदद से आज दिनांक 04.05.2024 को आरोपीगणों को ठगी किये माल व ठगी में इस्तेमाल हुये सांई रथ वाहन क्र0 एमपी 20 एफ 4206 को जप्त किया गया है एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया है जिन्हे माननीय न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड पर पेश की जायेगी। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के किसी भी थाना में सांई रथ में आकर चोरी, लूट या हिप्नोटाईज करके ठगी करने वाले गिरोह के संबंध में कोई रिपोर्ट दर्ज हुआ होगा तो थाना डोंगरगढ़ से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं। आम लोगों से अपील है कि इस प्रकार के ठग गिरोह के झांसे में न आये ऐसे गिरोह कहीं दिखाई देता है तो नजदीकी थाना को सूचित अवश्य करें। उक्त्त आरोपीगण को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, आरक्षक-चमन कुमार साहू, नेहा (अशोक) बंजारे एवं सायबर सेल के प्र0आरक्षक बंसत राव, आरक्षक आदित्य, आरक्षक अवध राम साहू का विशेष योगदान रहा।

### घुमका पुलिस ने की असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई



**राजनांदगांव 5 मई।** जिले मे अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम मे थाना घूमका पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घूमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरडूआ मे दिनांक 04.05.2024 को शराब के नशे मे घूमकर गांव मे माहौल ख़राब कर रहे अनावेदको को पुलिस के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया जिसके बावजूद भी अनावेदको द्वारा पुलिस की उपस्थिति मे मारपीट करने मे उतारू होकर बेवजह क्षेत्र का माहौल ख़राब करने वाले उक्त दोनों व्यक्तियों को आज दिनांक 04.05.24 को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत सभी अनावेदको के विरुद्ध पृथक पृथक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगाव के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### मतदान जागरूकता बाइक रैली का समापन एसीसी जामुल में

**भिलाई 5 मई।** एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए 40 किलोमीटर की बाईक रैली का समापन एसीसी सीमेंट जामुल में हुआ। विदित हो कि मेगनेटो मॉल रायपुर से शुभारंभ हुये इस रैली को एसीसी और अंबुजा टीम ने झंडा दिखाकर रवाना किया ।इस बाईक रैली को एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट के स्टेट हेड विनोद गोपाल कुरूप के दिशानिर्देशों सहित एसीसी के एरिया सेल्स मैनेजर विशाल दत्त शुक्ला और अंबुजा के सोनेंद्र अवधिया एवं तन्मय पंडा , मार्केटिंग व ब्रांडिंग हेड के नेतृत्व में किया गया। टीम के इस साझा प्रयासों को सबने सराहा और उपस्थितजनों ने ताली बजाकर इन सभी बाइक राइडर्स का उत्साहवर्धन किया।



# कलाकारों ने हर दिन मुस्कुराहट बिखेरने के फायदे बताये!

वर्ल्ड लाफ्टर डे मई माह के पहले रविवार को मनाया जाता है। यह लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने वाली हंसी या मुस्कुराहट की भाषा को खुशनुमा अंदाज से बढ़ावा देता है। साल में एक बार मनाया जाने वाला यह जश्न हंसने-मुस्कुराने के महत्व पर रोशनी डालता है और दुनियाभर में खुशियों तथा आशा फैलाने की कोशिश करता है। हंसने से लोगों का मनोबल बढ़ता है और लोग एक समुदाय के तौर पर एक-दूसरे से जुड़े होने का एहसास कर पाते हैं। इस बेहतरीन मौके को यादगार बनाने के लिये एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं कि रोजाना हंसने से खुशियाँ कैसे मिलती हैं। यह कलाकार हैं 'हप्पू की उलटन पलटन' की गीतांजलि मिश्रा (राजेश) और योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह) और 'भाबीजी घर पर हैं' से शुभांगी अत्रे (अंगूरी) और रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी)। 'हप्पू की उलटन पलटन' के हप्पू सिंह, ऊर्फ योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''मेरा मानना है कि रोजमर्रा की समस्याओं में हास्य को खोजना खुशहाल जिन्दगी जीने का सबसे बढ़िया तरीका है। हंसने से न सिर्फ मन हल्का हो जाता है, बल्कि तनाव भी दूर होते हैं। लोग अक्सर समझते हैं कि दूसरों को हंसाना आसान है, लेकिन ऐसा नहीं है! बतौर कलाकार यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का मौका मिला है। तो आइये, हम अपनी जिन्दगी में आइसक्रीम सनडे की तरह हंसी को बिखेरें और कड़वे पलों को भी मीठा बना दें।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने बताया, ''मेरा मानना है कि हंसना दुनियाभर में प्यार, सद्भावना और उम्मीद की एक भाषा है। हंसने से हमारी आत्मा कितनी खुश है, यह नजर आता है और कुछ समय के लिये हमें दुख-दर्द से राहत भी मिलती है। मैंने अक्सर बताया है कि मुझे खिलखिला कर हंसने की आदत है, जोकि मुझे खुश कर देती है। अपनी इस खास सुपरपावर से मैं अपने इर्द-गिर्द भी खुशियाँ बिखेरती हूँ। मैं हमेशा कहती हूँ कि उस दिन के कोई मायने नहीं, जो हंसी के बिना बीता हो। तो इस वर्ल्ड लाफ्टर डे पर आइये, हम हंसी और मुस्कुराहट बिखेरें और दिल खोलकर हंसें, ताकि यह दुनिया बेहतर और उज्जवल बन जाये।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''वर्ल्ड लाफ्टर डे सिर्फ कैलेंडर की कोई तारीख नहीं है; बल्कि यह हमें अपनी जिन्दगी में हंसने की ताकत को अपनाने की याद दिलाता है। एक कलाकार के तौर पर मैंने सीखा है कि जिन्दगी के उताव-चढ़ाव में हंसी किसी दवाई की तरह काम करती है। और मुझे गर्व है कि अपने काम के जरिये मैं कई लोगों को हंसाकर एक दवाई का काम कर सकती हूँ। मैं हंसने के ढेरों फायदे बता सकती हूँ, जैसे कि तनाव से राहत, शरीर के अंगों को लाभ, सामाजिक संवाद में मदद, मूड अच्छा रहना, आदि। हंसने के अनगिनत फायदे होते हैं और याद रखें कि इससे शरीर और दिमाग की अच्छी सेहत का संकेत मिलता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी, ऊर्फ रोहिताश्व गौड़ ने कहा, ''मैं पहली बार ऐसा किरदार निभा रहा हूँ, जिससे खूब हंसी आती है। और मेरा भरोसा कीजिये, यह मेरी सभी पिछली भूमिकाओं से बेहतर है। मैं अपने दर्शकों का मनोरंजन ही नहीं करता हूँ, बल्कि खुशियाँ भी फैलाता हूँ। किसी के मुस्कुराने की वजह बनना बहुत बड़ी बात होती है। इस दिन को अपनी तंदुरूस्ती के लिये हंसने की याद के तौर पर लें और दूसरों को भी खुशियाँ बांटते रहें।'' अपने चहेते कलाकारों की अदाकारी देखना न भूलें! देखते रहिये 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार सिर्फ एण्डटीवी पर। ये शोज सिर्फ मनोरंजन के लिये नहीं हैं; बल्कि मुस्कुराहट और खुशियां बिखेरते हैं। और वर्ल्ड लाफ्टर डे को मनाने की पीछे की सोच भी यही है!



# हिंदी सिनेमा में प्रोजेक्ट के ऑफर्स मिलने में परेशानियां हुई : सीरत

एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा में खुद को स्थापित करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में बात की। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रॉकस्टार' में असिस्टेंट कोरियोग्राफर के रूप में सिनेमा में अपनी जर्नी शुरू करने वाली सीरत ने कहा, "कई लोग मुझे साउथ एक्ट्रेस के रूप में जानते हैं और मुझे लगता है कि कभी-कभी यह बॉलीवुड में ऑफर्स मिलने के बीच रूकावटें पैदा करता है।" "दर्शकों के लिए यह सोचना आसान है कि अगर आप साउथ इंडियन इंडस्ट्री में अच्छा कर रहे हैं तो आपको बॉलीवुड में आसानी से काम मिल सकता है। हालांकि, असल बात यह है कि बॉलीवुड में लीड रोल के लिए कोई भी प्रोजेक्ट पाने की प्रक्रिया बहुत चुनौतीपूर्ण है।" सीरत और भी बॉलीवुड फिल्में करने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि मैं अपने लाइफटाइम में कम से कम एक बार बॉलीवुड एक्टर्स के साथ काम करूंगी।" उन्होंने कहा कि तेलुगु सिनेमा से मेरा नाता हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, "टॉलीवुड ने मुझे वह सब कुछ दिया है जो आज मेरे पास है और मैं इसे पीछे नहीं छोड़ना चाहती। यहीं से मैंने शुरुआत की और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।" सीरत ने कई तेलुगु फिल्मों में काम किया है, जैसे 'रन राजा रन', 'टाइगर', 'राजू गरी गांधी 2', 'ओक्का क्षणम' और 'मां विंता गाधा विनुमा' आदि। 2022 में, उन्होंने तुषार कपूर के साथ 'मारीच' के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत की।



# अभिनेत्री ज्योति सक्सेना ने अपनी बॉलीवुड बकेट लिस्ट साझा की

अभिनेत्री ज्योति सक्सैना बॉलीवुड इंडस्ट्री में उभरते नामों में से एक हैं, अभिनेत्री ज्योति सक्सैना अपने विचार और राय व्यक्त करने से कभी नहीं कतराती हैं। एक अभिनेता के रूप में, प्रत्येक अभिनेता के पास उन फिल्मों और पात्रों के लिए एक सपना होता है जिन्हें वे चित्रित करना चाहते हैं, और अभिनेत्री ज्योति सक्सेना के पास भी एक बकेट लिस्ट है। इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने की भूख के साथ, वह ऐसी भूमिकाएँ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो न केवल उनकी क्षमताओं का परीक्षण करेंगी बल्कि उनकी लिमिटेशनस को भी आगे बढ़ाएंगी। ज्योति सक्सेना ने अपनी बॉलीवुड बकेट लिस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपने सपनों की भूमिकाओं और उन प्रकार के किरदारों का खुलासा किया, जिन्हें वह बड़े पर्दे पर निभाना चाहती हैं। अभिनेत्री ने बॉलीवुड के कुछ सबसे प्रशंसित निर्देशकों के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। वह कहती हैं, "मुझमें बॉलीवुड में काम करने की भूख है। मैं ऐसी फिल्में करना चाहती हूं जो मुझे व्यक्तिगत रूप से मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौती दें। संजय लीला भंसाली और इम्तियाज अली जैसे निर्देशकों के साथ काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा हो जने जेसा होगा।



## अपने जन्मदिन के पलान्स किये साझा

जैसे मई का महीना आया है, जश्न मनाने का भी समय आ गया है और ऐसा ही एक जश्न जिसका बेसब्री से इंतजार रहता है, वह है प्रतिभाशाली अभिनेत्री ज्योति सक्सेना का जन्मदिवस। जैसे ही वह 4 मई को एक साल अधिक यंगर होने की तैयारी कर रही है, अनहो ने अपने विशेष दिन के लिए अपने प्लान का खुलासा किया, और वे दिल को छू लेने वाले से कम नहीं हैं। जबकि कई मशहूर हस्तियां भव्य पार्टियों और असाधारण समारोहों का विकल्प चुनते हैं, ज्योति सक्सेना ने इस वर्ष इसे अंतरंग और घनिष्ठ बनाए रखने का विकल्प चुना है। अभिनेत्री ने साझा किया कि वह अपना जन्मदिन अपनी मां और अपने करीबी दोस्तों के साथ मनाना चाहती हैं, अपने दिल के सबसे करीबी लोगों के प्यार को संजोकर रखना चाहती हैं। "मेरा मानना है कि जन्मदिन केवल पार्टियों और फिजूलखर्ची के बारे में नहीं हैं; वे प्यार, ग्रिटीट्यूड और वापस दूसरो को खुशिया बाट ने के बारे में भी हैं, मैं अपना विशेष दिन उन लोगों के साथ बिताना चाहती हूं जो मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं, और खूबसूरत यादें बनाना चाहती हू," एस्सा ज्योति कहती है. अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाने के अलावा, ज्योति सक्सेना ने अपने जन्मदिन को समाज को कुछ देने के अवसर के रूप में उपयोग करने की इच्छा भी व्यक्त की है। "मैं एक ऐसे उद्देश्य के लिए दान करने की योजना बना रही हूं जो मेरे दिल के करीब है और मैं जिस भी तरीके से खुशियां फैला सकती हूं, फैलाऊंगी," वह बताती हैं कि उनका दिल खुशी और प्यार फैलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। ज्योति सक्सेना अपने दोस्तों और परिवार के साथ एक अंतरंग जन्मदिन मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 'वंशज' में युक्ति मुल्तानी की असल पहचान सामने लाने में नील कर रहा पुरजोर कोशिश

सोनी सब का 'वंशज' युविका महाजन (अंजलि तत्रारी) की कहानी प्रदर्शित करता है, जो पारिवारिक व्यवसाय में योग्यता-आधारित विरासत का समर्थन करके परंपरागत पारिवारिक डायनेमिक्स पर सवाल उठाते हैं। यह निर्णय महाजन परिवार के भीतर संघर्ष का कारण बनता है, और युविका व डीजे (माहिर पांधी) के बीच प्रतिद्वंद्विता की ज्वाला को भड़काता है। हाल के एपिसोड्स में, नील (मोहित कुमार), जो युविका को दिल से प्यार करता था, युविका की हमशक्ल युक्ति (अंजलि तत्रारी) की असल पहचान जानने की कोशिश में है, क्योंकि उसे यकीन है कि युक्ति ही उसकी प्रेमिका युविका हो सकती है। आगामी एपिसोड्स में, नील, अपने पिता विदुर (अलीरज़ा नामदार) और भानुप्रताप (पुनीत इस्सर) के साथ, युक्ति के रहस्यमय अतीत का पता लगाने के सफर पर निकल पड़ता है। उसके अतीत और मिस्टर मुल्तानी के साथ उसके संबंध की गहराई से पड़ताल करते हुए, नील को एक महत्वपूर्ण जानकारी पता चलती है, कि मिस्टर मुल्तानी (बेहज़ाद खान) की कभी शादी नहीं हुई थी। यह बात पता चलने से नील और उसके पिता, विदुर को युक्ति की असल पहचान के बारे में अनुमान होने लगता है। वे इस संभावना पर विचार करने लगते हैं कि युक्ति मिस्टर मुल्तानी की गोद ली हुई बेटी भी हो सकती है, जिसका यह मतलब हो सकता है कि वह एक झूठी पहचान के तहत रह रही है। यह रहस्योद्घाटन युक्ति की हकीकत पर सवाल उठाएगा और कहानी में रहस्य के पहलू को बढ़ाएगा, क्योंकि नील और विदुर युक्ति के अतीत को सामने लाएंगे।





**अगर युक्ति की असल पहचान का पता चल जाए तो क्या हो गा ? -** युक्ति मुल्तानी की भूमिका निभाने वाली अंजलि तत्रारी ने कहा, "युक्ति संदेह के घेरे में आ गई है क्योंकि नील, डीजे और महाजन परिवार के हर सदस्य ने उसकी असल पहचान पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। युविका से प्यार करने वाला, नील को संदेह है कि युक्ति असल में युविका हो सकती है। जैसे-जैसे यह पड़ताल तेज़ होती जाएगी, युक्ति को सभी से निपटना पड़ेगा, और अपनी मौजूदा पहचान को लेकर खड़े हो रहे संदेह का सामना करना पड़ेगा। आगामी एपिसोड्स यह दिखाएंगे कि कैसे युक्ति कई योजनाओं और चालों का उपयोग करके सभी को अपनी पहचान का यकीन दिलाने में सफल होगी।"

# दिग्गज अभिनेत्रियों भारती अचरेकर और अपरा मेहता के बीच का बॉन्ड बहुत सुखद है

इंडस्ट्री में दशकों का अनुभव रखने वाली प्रसिद्ध अभिनेत्रियां भारती अचरेकर और अपरा मेहता जल्द ही सोनी सब के 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' में स्क्रीन शेयर करेंगी। अपरा मेहता, राधिका वागले की बचपन की सहेली, कादंबरी के रूप में एक विशेष भूमिका निभाती नज़र आएंगी, जो दुखी है क्योंकि वह अपने बच्चों से प्यार और देखभाल चाहती है। हालांकि, पर्दे के पीछे का माहौल किसी भी तरह से दुखमय नहीं था। माहौल में हंसी गूंज उठी क्योंकि दोनों अभिनेत्रियां, जो लंबे समय से एक-दूसरे को जानती हैं, उनके बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग बन गई है। उनका तालमेल प्रभावशाली है, जिससे पूरे सेट पर मुस्कुराहट फैल जाती है, और कोई भी हंसने से खुद को रोक नहीं पाता है, हालांकि इस कारण से जब वे साथ शूटिंग करती हैं, तो चेहरे में खुशी और हंसी के भावों को छिपाना मुश्किल हो जाता है। ये सुखद पल पूरे सेट पर दिखाई देते हैं, जिससे यहां मौजूद सभी लोगों के लिए गर्मजोशी भरा माहौल बन जाता है। यह दोस्ती की ताकत और अपनी उम्र के लोगों के साथ काम करने से मिलने वाली खुशी की बखूबी याद दिलाता है। शो में कादम्बरी के रूप में दिखाई देने वाली, अपरा मेहता ने कहा, "वागले की दुनिया के सेट पर आकर घर लौटने जैसा महसूस हुआ। प्रोडक्शन टीम हमेशा की तरह अद्भुत रही है। सुमीत किसी प्यारे दोस्त की तरह है; मैंने उनके साथ पहले भी काम किया है, अंजान जी भी बहुत लाजवाब हैं। भारती जी के साथ मेरी पहचान बहुत लंबे समय से है, और वह बेहद मधुर होने के साथ ही, मेरे आने से उत्साहित भी थीं। हमने जो सीन्स साथ में शूट किए, हम हर बार हंसने से खुद को रोक नहीं पाते थे। हम संवाद बोलने पर लड़खड़ा रहे थे और भावहीन चेहरा नहीं रख पा रहे थे। यह शूटिंग शानदार थी और वागले पर काम करके बिल्कुल घर पर होने जैसा महसूस हुआ।" राधिका वागले का किरदार निभा रहीं, भारती अचरेकर कहती हैं, "अपरा के हमारे शो में शामिल होने से मुझे बहुत अच्छा लगा। मैं उन्हें काफी समय से जानती हूं, और उनकी उपस्थिति से किसी रीयूनियन की तरह महसूस हुआ। हमारे बीच एक स्वाभाविक तालमेल है और शूटिंग के दौरान, हम ज़ोर से हंस पड़ते थे



# क्या अभिनेत्री डेलबार आर्या सलमान खान के आगामी बिग बॉस ओटीटी सीज़न-3 में आएगी नजर ?

अभिनेत्री डेलबार आर्या इंडस्ट्री के उन नामों में से एक हैं जो अपनी मेहनत और लगन से फ़िल्मइंडस्ट्री मे अपना नाम रोशन कर रही हैं।अब जैसे-जैसे बिग बॉस सीजन ३ करीब आ रहा वैसे कई नाम सामने आ रहे हैं और उनमें से एक नाम है अभिनेत्री डेलबार आर्य का। डेलबार आर्या, जिन्होंने कई पंजाबी फिल्मों और हिंदी म्यूजिक वीडियो में काम किया है, उनने हाल ही में बिग बॉस ओटीटी निर्माताओं का ध्यान अपनी और खींच लिया है ,निर्माताओं मानना है कि वह शो की लिए एक उत्कृष्ट अतिरिक्त हों सकती है एक करीबी सूत्र ने बताया कि "बिग बॉस ओटीटी ३ जल्द ही रिलीज होने वाला है और इसके लिए कास्टिंग जोरो से चल रही है और निर्माताओं ने इसके लिए अभिनेत्री डेलबर से संपर्क किया है। डेलबर जिन्होंने कभी कोई रियलिटी शो नहीं किया है, निर्माताओं कहना है बिग बॉस ओटीटी रियलिटी शो के लिए डेलबार आर्य के साथ बातचीत चल रही हैं, चर्चाएं अंतिम चरण में हैं और वह जल्द ही बिग बॉस में देखी जाने की संभावना है ।" डेलबर आर्या को बिग बॉस ओटीटी के पिछले सीज़न के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन वह अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण इसमें शामिल नहीं हो सकीं। हालाँकि, सुत्र ये भी कहते है अभिनेत्री डेलबर आर्या ,सलमान खान के बिग बॉस ओटीटी ३ का हिस्सा बनने के बारे में विचार कर रही है। जब डेलबर आर्या से उनकी भागीदारी के बारे में संपर्क किया गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली और अपनी भागीदारी के बारे में कोई प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की। बिग बॉस के घर में पंजाबी कुड़ी को देखने की संभावना ने कई लोगों को नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। क्या आप डेलबर आर्या को बिग बॉस ओटीटी हाउस में देखने के लिए उत्साहित हैं? हमें टिप्पणियों में बताएं!



# "मैं अपने दैनिक जीवन में मोबाइल फोन का इस्तेमाल कम करने की कोशिश कर रही हूँ": शुभांगी अत्रे

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभा रहीं टेलीविजन की जानी-मानी अभिनेत्री शुभांगी अत्रे का कहना है कि इन दिनों ब्रेक लेना काफी मुश्किल काम हो गया है। आजकल शेड्यूल इतना सख्त रहता है कि अपने लिये भी समय नहीं मिल पाता। शुभांगी अत्रे ऊर्फ अंगूरी भाभी ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमें मुश्किल से ही गर्मी की कोई लंबी छुट्टी या छोटा-मोटा ब्रेक मिल पाता है, जोकि काफी मायने रखता है। जिंदगी की रफ्तार इतनी बढ़ गई है कि कभी-कभी तो मुझे लगता है कि हमारे पास सांस लेने की भी फुर्सत नहीं है। हमारे शेड्यूल अक्सर पैक्ड होते हैं, जिससे चाहकर भी हम छुट्टी नहीं ले पाते। गर्मी की लंबी छुट्टियां अब बचपन की बातें बनकर ही रह गई हैं। जब मैं छोटी थी, तो दो महीनों की गर्मी की छुट्टी अपनी नानी के घर में बिताया करती थी। हम बहुत मस्ती करते थे और मेरी नानी माँ हमारे लिये स्वादिष्ट खाना बनाया करती थीं। छुट्टियां खत्म होने के बाद भी मेरा कभी घर वापस लौटने का मन नहीं होता था। मुझे हमेशा अगली गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता था, जब मैं अपनी नानी के पास फिर से जा सकूं।'' उन्होंने आगे कहा, ''हममें से अधिकतर लोग लंबी छुट्टियां लेने में हिचकिचाते हैं, फिर चाहे शादियों के लिये हो, प्रेगनेंसी के लिये या फिर बीमारी में। सिर्फ एक्टर्स ही नहीं, बल्कि हर प्रोफेशन से जुड़े लोग इस तनाव को महसूस करते हैं। मैंने देखा है कि यहां तक कि गर्भवती महिलायें भी अक्सर अपनी प्रेगनेंसी के आठवें महीने तक काम करती हैं। व्यक्तिगत तौर पर मुझे लगता है कि लोगों के लिये अपनी रफ्तार को थोड़ा कम करना और खासतौर से चुनौतीपूर्ण समय में अपने लिये कुछ समय निकालना बेहद जरूरी है। जिंदगी अपनी गति से आगे बढ़ती रहती है और भागदौड़ से भरी से इस दुनिया में तनाव-मुक्त रहने के लिये खुद के लिये थोड़ा समय निकालना बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा, "खुद को तरोताजा करने के लिये ब्रेक लेना अनिवार्य होता है। मुझे लगता है कि मेरे लिये अपने दैनिक जीवन के तनाव और समस्याओं से खुद को बाहर निकालने और तरोताजा होने के लिये कम से 2-3 दिनों का ब्रेक लेना जरूरी है। हालांकि, कोई ब्रेक जादुई रूप से मुझे तनाव-मुक्त नहीं कर सकता, लेकिन इससे उन कुछ दिनों के दौरान दिमाग को थोड़ी शांति तो मिलती ही है। अपने काम के दौरान मैं अक्सर दिन में 10-15 घंटे काम करती हूँ और कभी-कभी तो नॉन-स्टॉप काम चलता रहता है, ऐसे में ब्रेक लेना और भी जरूरी हो जाता है। इसलिये आप चाहे किसी भी प्रोफेशन में हों, मेरा मानना है कि ऑफ लेना बहुत महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने आगे कहा, ''और इन ब्रेक्स के दौरान, टेक्नोलॉजी से दूर रहें। हमारे प्रोफेशन में हमें अपने फोन पर उपलब्ध रहने की जरूरत होती है, यहां तक कि ब्रेक के दिनों में भी, क्योंकि कभी-भी कुछ भी हो सकता है। हालांकि, मैं इस बात से सहमत हूँ कि ब्रेक में मोबाइल फोन से भी ब्रेक लेना शामिल होना चाहिये। वास्तव में, मैं खुद भी अपने दैनिक जीवन में मोबाइल का इस्तेमाल कम करने की कोशिश कर रही हूँ , क्योंकि मुझे लगता है कि हम हमेशा अपने फोन से चिपके रहते हैं। हालांकि, फोन पर हमें पॉजिटिव कॉन्टेंट भी मिलते हैं, लेकिन निगेटिविटी से भी बच नहीं पाते, इसलिये मानसिक शांति के लिये और दिमाग की सकारात्मक स्थिति को बनाये रखने के लिये फोन का इस्तेमाल कम करना जरूरी है।''



# विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ अनीता भाबी ने अपने प्रियजनों के साथ मनाया जन्मदिन

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने हाल ही में अपने चाहने वालों के साथ अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर विदिशा के घर पर उनके परिवार के लोग और इंडस्ट्री के करीबी दोस्त पहुंचे थे। अपनी यादगार बर्थडे पार्टी के बारे में बात करते हुये, विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ अनीता भाबी ने कहा, "इस साल का बर्थडे सेलीब्रेशन मेरे लिये खास था। हालाँकि, मैंने अपने परिवार वालों को डिनर के लिये बाहर ले जाने की योजना बनाई थी, लेकिन जब मैं घर पहुँची, तो खुद ही सरप्राइज़ हो गई। मेरी माँ, पतिदेव, बहन, बेटी, भाई, भाभी और दोस्त घर पर मेरा इंतजार कर रहे थे। उनका प्यार देखकर मेरी आँखों में आँसू आ गए। मुझे इस बात की भी चिंता सता रही थी कि केक काटते समय क्या पहनूँ, क्योंकि यह सरप्राइज़ था और मुझे शॉपिंग करने का मौका नहीं मिल पाया था (हँसती हैं)। हालाँकि, मेरी बहन ने मुझे बचा लिया, जो पहले से ही पीले रंग का एक ऑफ-शोल्डर नियॉन ड्रेस लेकर आई थी, जो मुझे पहली ही नजर में पसंद आ गया। हमने साथ मिलकर केक काटा और उसके बाद एक शानदार डिनर का आनंद लिया, जो मेरी माँ ने खासतौर से तैयार किया था।" इस इवेंट के बारे में बताते हुए अभिनेत्री ने आगे कहा, "आज के ज़माने में ढेर सारी तस्वीरें खिंचवाए और रील्स बनाए बिना कोई भी कार्यक्रम अधूरा है और भरपेट खाना खाने के बाद हमने भी यही किया। मैंने अपनी ड्रेस दिखाते हुए एक मॉडल की तरह पोज दिए और तब तक मेरे घरवालों एवं दोस्तों ने पूरे धीरज के साथ इंतजार किया। इसके बाद हम सभी ने एक साथ कई तस्वीरें खिंचवाईं (हँसती हैं)। हमने कुछ मजेदार रील्स भी बनाईं, जिसे मैं जल्द ही अपने प्रशंसकों के साथ शेयर करुँगी। यह बर्थडे यादगार था, खासतौर से मेरी बेटी आद्या को अपनी बाँहों में लेकर मैंने केक काटा, जिससे यह और भी खास बन गया था। मेरे पति सायक रांची से मुंबई मेरा बर्थडे मनाने के लिए आए, और उन्होंने मेरे जन्मदिन पर मुझे खास महसूस करवाने के लिये सारी तैयारियाँ कीं। मैं वाकई में खुद को खुशनसीब महसूस कर रही हूँ कि मेरे आस-पास इतने अच्छे लोग हैं। इस साल बर्थडे पर मेरी एक ही ख्वाहिश थी कि वे सभी हमेशा मेरे साथ रहें।"



## मतदान महादान

समय की है अब यही पुकार।
ना हो कोई एक भी मत बेकार।।

स्वच्छ समाज हेतु श्रेष्ठदान।
लोकतंत्र में दान है मतदान।।

सफल चुनाव का यही निदान।
शत प्रतिशत होंवें मतदान।।

सुशासित लोकतांत्रिक विचार।
हनन ना हों किसी का अधिकार।।

सुध-बुध ज्ञान में जो पारदर्शी।
वही नेता दूरदर्शी समदर्शी।।

सभी पायें सम शिक्षा व अधिकार
एकाकार हो तो लोकतंत्र साभार।।

जो होते कविचंदवरदायी महान।
तो कहते मतदान में मत चुको चौहान।

लोकतंत्र का यही है अभियान।
होंवे राष्ट्र हित में ही मतदान।।

मत से सुरक्षित हों भावी पीढ़ी।
भविष्य की सुंदर राष्ट्र हो गढ़ी।।

सभी देशवासी करें पूर्ण मतदान।
सही मत से हो राष्ट्र की पहचान।।

सर्वसम्मति से सधे राष्ट्र साकार।
है पूर्ण मतदान ही इक आधार।।

है अब समय की यही पुकार।
ना हो कोई एक भी मत बेकार।।



**ए. मीनाक्षी राव**
**दीनदयाल उपाध्याय नगर**
**रायपुर**

# सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कोर्स करने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा मौका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 5 मई।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की अभिनव पहल ''नवगुरुकुल'' में निःशुल्क 18 माह के आवासीय ''सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कोर्स'' के लिए ''एडमिशन'' पुनः शुरू हो चुका है, इस संबंध में चयनित छात्रों को आवास व भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी। ज्ञात हो कि योजना के तहत कोर्स पूरा करने के बाद प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ''जॉब'' की सुनिश्चितता रहेगी। इच्छुक छात्र छात्राओं के लिए उम्र 17 से 29 वर्ष व शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास आउट या 12वीं पास निर्धारित की गयी है। इस संबंध में ''एडमिशन'' की प्रक्रिया के अनुसार ''नवगुरुकुल'' में प्रवेश लेने के लिए सबसे पहले 10वीं स्तर तक की मूलभूत गणित का टेस्ट पास करना रहेगा और अच्छे अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं का साक्षात्कार लिया जायेगा और इसी प्रदर्शन के आधार पर गुरुकुल में चयनित किया जायेगा। इस प्रकार किसी कारण वश 10वीं तथा 12वीं परीक्षा के बाद ड्रॉप आउट करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। उल्लेखनीय है कि नवगुरुकुल के प्रवेश परीक्षा मे शामिल होने के पश्चात छात्र-छात्राओं को निशुल्क आवासीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्राम, निःशुल्क वाईफाई सुविधा, पर्सनल लैपटॉप की व्यवस्था, आधुनिक कौशल जैसे इंग्लिश स्पीकिंग, लीडरशिप स्किल, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट आदि की प्रशिक्षण, कोर्स के दौरान योगा और ध्यान के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य दोनों का ध्यान रखा जाएगा, कोर्स के पश्चात छात्रों को मल्टीनैशनल कंपनियों में भी जॉब के अवसर मिलेगें। इस संबंध में जिले में छात्रों की भरती हेतु बचेली में 1 मई, कुआकोंडा में 3 मई, कटेकल्याण में 6 मई, दंतेवाड़ा में 8 मई और गीदम 10 मई की तिथि निर्धारित की गयी है।

### फेस-3 की प्रवेश परीक्षा के तिथि में संशोधन

**दंतेवाड़ा, 5 मई।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की अभिनव पहल ''नवगुरुकुल'' में नि:शुल्क 18 माह के आवासीय ''सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कोर्स'' के लिए ''एडमिशन'' पुनः शुरू हो चुका है, इस संबंध में''नवगुरुकुल'' के (फेस-III) की प्रवेश परीक्षा के तिथि में हुआ संशोधन किया गया है इसके अनुसार शैक्षणिक सत्र क्र. 2020-21, 2021-2022 एवं 2022-2023 में 12वीं उर्तीण छात्र-छात्राओं हेतु प्रवेश परीक्षा बचेली में 6 मई को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यमिक विद्यालय, कुआकोंडा में 3 मई को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यमिक विद्यालय, कटेकल्याण में 10 मई, को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दंतेवाड़ा में 14 मई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय और गीदम 17 मई को जावंगा ऑडिटोरियम में परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसका समय प्रातः 10 बजे निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि चयनित छात्रों को आवास व भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी।योजना के तहत कोर्स पूरा करने के बाद प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ''जॉब'' की सुनिश्चितता रहेगी। इस संबंध में इच्छुक छात्र छात्राओ के लिए उम्र 17 से 29 वर्ष व शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास आउट या 12वीं पास निर्धारित की गयी है।

## एक नजर

### राजनैतिक दलों के समक्ष ईवीएम,वीवीपेट का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन

**कोरबा 5 मई।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी एवं भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम/वीवीपेट मशीनों (बैलेट यूनिट/कंट्रोल यूनिट) का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन राजनैतिक दलों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। प्रेक्षक श्री सुखदेव पगारे एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंतकी उपस्थिति में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी एवं भरतपुर दो विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम का सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेषनकिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे उपस्थित थीं।

### देवांगन समाज ने भाजपा प्रत्याशी पांडेय को दिया अपना समर्थन, सौंपा पत्र

**कोरबा 5 मई।** जिला देवांगन समाज ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को अपना पूरा समर्थन दिया है, इस बाबत समाज ने अपना समर्थन पत्र प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को सौंपा। देवांगन समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन की उपस्थिति में समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन के नेतृत्व में प्रदेश देवांगन समाज के अधिक संख्या में पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाजपा के कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को समर्थन पत्र सौंपा। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष और पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन ने कहा की भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जनप्रतिनिधि के रुप में विभिन्न पदों की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाले प्रखर नेत्री को कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया गया है। सुश्री सरोज पांडेय के जीतने के बाद कोरबा लोकसभा की आवाज प्रबलता से दिल्ली में पहुंचेगी।

### अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में निशुल्क टैली कोर्स शुरू

**कोरबा 5 मई।** कोरबा शहर के हृदयस्थल दर्री रोड में स्थित श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के लिए अनेक सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं, जिससे छात्राओं को शिक्षा के पश्चात रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा पर्सनालिटी डेवलपमेंट, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सहित बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन (टोनी) ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रमों व सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के इस युग में कम्प्यूटर का बहुत बड़ा योगदान है, जिसे ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए टैली कोर्स की सुविधा निरूशुल्क दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक संख्या में बालिकाएं कम्प्यूटर सीखने के लिए प्रेरित हो सकें। इस वर्ष से महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। विभिन्न प्रांतों से विशेषज्ञ शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए छात्राओं का मार्गदर्शन करेंगे।

### कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित

# पहचान दंतेवाड़ा अन्तर्गत नन्हे बच्चों के बनेंगे आवश्यक मूलभूत दस्तावेज

## एनीमिया मुक्त पंचायत के लिए ग्राम चयनित, बनाई जाएगी कार्ययोजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 5 मई।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों से संबंधित लोक सेवा गारंटी, जनदर्शन, जन शिकायत एवं जनसमस्याओं के प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित प्रकरणों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें और अगले समय सीमा बैठक के पूर्व ही निराकृत करके प्रस्तुत करें। इसके साथ ही बैठक में विभागवार आवेदनों और प्रकरणों के निराकरण संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया और लंबित प्रकरणों पर की जा रही अद्यतन कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इनमें आयुषी इन्टरप्राइजेस के बिल भुगतान, न्यू जीएडी कॉलोनी आंवराभाटा के वाहन की बकाया राशि भुगतान, अर्चना मंडल बचेली के द्वारा प्रधानमंत्री महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिलने, बचेली के फिरोज नवाब द्वारा स्थानीय बाजार में मादक द्रव्य के विक्रय स्थान को अन्यत्र स्थानांतरित करने, दंतेवाड़ा से राजेश मरकाम राजीव नगर वार्ड लंबित मजदूरी भुगतान, जावंगा से रामधर, गमावाड़ा से रामलाल भास्कर के द्वारा नल जल योजना से पेयजल प्रदान करने, बड़े सुरोखी से फुलो बाई ने नलकूप खनन में मोटर ना लगाने, जैसे विभिन्न प्रकार के शिकायती आवेदनों पर भी कलेक्टर द्वारा विभागों से जानकारी चाही गयी।

**पहचान दंतेवाड़ा एप्प अन्तर्गत नन्हे बच्चों को मिलेगी आवश्यक मूलभूत दस्तावेज:** समय सीमा बैठक में जानकारी दी गयी कि ''पहचान दंतेवाड़ा'' एप्लीकेशन के माध्यम से जिले के नन्हें बच्चों को जन्म के 4 माह के भीतर जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र अभिभावकों को उपलब्ध कराये जायेंगे। ज्ञात हो कि जिले में अब तक 421 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं। जिसके आधार पर बाकी प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगे।

**एनीमिया मुक्त पंचायत के लिए ग्राम चयनित, बनाई जाएगी कार्य योजना:** इसके अलावा समय सीमा बैठक में जिले में एनीमिया मुक्त पंचायत के संबंध में पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि ब्लॉक दंतेवाड़ा अंतर्गत चंदेनार, भोगाम, कमालूर, गीदम मे बड़े कारली, मुचनार, कासौली, कुआकोंडा में रेंगानार, हितावर, कटेकल्याण में गाटम और मथाड़ी को चयनित किया गया है। इस कार्य योजना के तहत बेसलाइन सर्वेक्षण, चयनित पंचायतों में रसद उपलब्धता फील्ड टीम के साथ हीमोग्लोबीनोमीटर स्ट्रिप्स और आईएफए की उपलब्धता सुनिश्चित करना, जिला हॉस्पिटल, सीएचसी और पीएचसी पर आयरन सुक्रोज की उपलब्धता, ब्लड स्टोरेज यूनिट-जिला हॉस्पिटल में रक्त की उपलब्धता, सर्वेक्षण आरंभ सामुदायिक सर्वेक्षण परीक्षण दल (आरएचओ,सीएचओ,एमटी मितानिन) मोबिलाइजेशन टीम और ऑनलाइन रियल टाइम एंट्री, सपोर्ट ऐप के माध्यम से (वार्ड पंच,ग्राम सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एसएचजी), ब्लॉक निगरानी टीम, फील्ड मॉनिटरिंग टीम, मध्यम और गंभीर एनीमिया का चिकित्सा उपचार निकटतम चिकित्सा अधिकारी को रेफरल, फॉलो उप (3 महीने तक हर सप्ताह), हायर सेंटर रेफर के लिए एम्बुलेंस की उपलब्धता, जिला अस्पताल में गंभीर एनीमिया के लिए समर्पित, बिस्तर की उपलब्धता और उपचार, अनुपूरक कार्यक्रम आयरन फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों का उपयोग सुनिश्चित करना, आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में अस्पतालों में, सामुदायिक जागरूकता अभियान, स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, आयरन युक्त खाद्य वृक्षारोपण अभियान और किचन गार्डन, मध्यम और गंभीर एनीमिया का 3 महीने तक फॉलोअप और परीक्षण किये जायेंगे। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# हार के डर से फेक वीडियो वायरल कर रही कांग्रेस: धनीराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 5 मई।** भारतीय जनता पार्टी के भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने भारत के गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण वाले बयान का फेक वीडियो चलाने के मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पार्टी पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया। धनीराम बारसे ने कहाँ की लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जनता पूरी तरह से नकार रही है। जिससे हताश कांग्रेस पार्टी के नेता अमित शाह जी के बयान को एडिटिंग करके जनता के बीच भ्रम पैदा कर रहे हैं। बौखलाई कांग्रेस पूरी तरह से ओछी राजनीतिक हरकतें करने लगी है। जबकि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से ऐससी ऐसटी ओबीसी आरक्षण के पक्ष में है। और भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कई बार सार्वजनिक मंच से एससी एसटी ओबीसी आरक्षण के पक्ष में कहते रहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी खुद पिछड़ा वर्ग समुदाय से ही आते हैं। अमित शाह जी के कर्नाटक में एक विशेष समुदाय को आरक्षण दिए जाने के बयान को एडिटिंग करके जनमानस में भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस के द्वारा फेक वीडियो फैलाया जा रहा है।

कांग्रेस खुद एससी एसटी ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी करना चाहती है। एससी एसटी ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण मैं में सेंधमारी करके एक विशेष धर्म के लोगों को ध्रुवीकरण करने के लिए आरक्षण दे रही है। कर्नाटक में यह प्रयोग हो चुका है और अगर गलती से भी कांग्रेस की सरकार केंद्र में आती है तो एससी एसटी ओबीसी के हक में सेंधमारी करके कर्नाटक के तर्ज पर सिर्फ वोट बैंक का ध्रुवीकरण के लिए विशेष धर्म के लोगों को आरक्षण देगी।कांग्रेस सिर्फ ध्रुवीकरण की राजनीति करती है जाति धर्म के नाम पर लोगों को बाटकर बोट बैंक की राजनीति करती है। जबकि भारतीय जनता पार्टी का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास इसी नारे के साथ हर जाति समुदाय के साथ भारतीय जनता पार्टी खड़ी नजर आती है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी तरह के धर्म पर आधारित आरक्षण का विरोध करती है। एवं एससी एसटी ओबीसी के पक्ष में खड़ी रहती है।

इसी का जिवंत उदाहरण है देश के सर्वोच्च पद में एसटी समुदाय से आने वाली श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को महामहिम,राष्ट्रपति बनाया। जबकि इंडिया गठबंधन ने इसका विरोध किया। और छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया गया ताकि आदिवासी वर्ग का विकास हो।सुकमा जिलाअध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहाँ कि सुकमा में भी कुछ लोग इस तरह के फर्जी वीडियो एडिटिंग करके पोस्ट कर रहे हैं। उनसे मैं कहना चाहता हूं कि किसी भी तरह का फेक वीडियो फैलाकर भ्रम न पैदा करें अन्यथा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की जाएगी।अमित शाह जी के खिलाफ फेक वीडियो पर एफआई आर दर्ज होने के बाद कांग्रेस के नेता घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं को फेक वीडियो फैलाने के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए की विस्तृत चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 5 मई।** जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के ऐजेंड़ा अनुसार जिला सड़क सुरक्षा योजना विकसित करने, ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन एवं सुधार कार्य एवं सभी मुख्य मार्गों में यातायात संबंधित निर्देशात्मक, आदेशात्मक तथा सूचनात्मक बोर्ड, सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क पर विभिन्न सुधार, स्कूल एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं स्कूल बसों की चेकिंग, स्कूल, कॉलेज के नाबालिग छात्र छात्राओं के वाहन चालन के संबंध में, सड़क दुर्घटना के उपचार हेतु प्राथमिक चिकित्सा सेवा, शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों की सुविधा हेतु यात्री बस स्टैण्ड एवं आटो स्टैंड, नगर पालिका, नगर पंचायत में मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे संचालित दुकानों, ठेलों का अतिक्रमण पर कार्यवाही एवं रोड में आवारा पशुओं पर रोकने पर कार्यवाही के संबंध में, नो एंट्री जोन में वाहनों के आवाजाही पर रोक, मोटरयान अधिनियम 1988 के उल्लंघन पर कार्यवाही, सड़कों पर गति-अवरोधक या कुबड़ सन्निर्माण करने हेतु रोड, स्पॉट चिन्हांकन सड़क चिन्हांकन एवं सीमा निर्धारण के संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये। इसके अलावा बैठक में हिट एंड रन मोटर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा योजना 2022 के अनुसार हिट एंड रन दुर्घटना पीड़ितों के मामले में दावा निपटान प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि भारत सरकार हिट एंड रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करती है। इसके तहत मृत्यु के मामले में 2 लाख (मृतक के कानूनी प्रतिनिधियों को) एवं गंभीर चोट के मामले में 50 हजार मुआवजा देने का प्रावधान है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री गौरव पाटले एवं यातायात पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

### विनोबा ऐप के साथ शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए दंतेवाड़ा के विकासखंडों में कार्यशाला आयोजित

**दंतेवाड़ा, 5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए जिले के कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप का संचालन शिक्षक समुदाय के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप का उपयोग करने हेतु, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस के अंबस्ता द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए, जिसके उपरांत दिनांक 24 एवं 25 अप्रैल को जिले के समस्त विकासखंडों में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के शिक्षकों की प्रारंभिक कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में बताया गया कि एक बच्चा जो आपके विद्यालय में पढ़ता है, और उसके शैक्षणिक उन्नयन के लिए जो भी नीतियां लागू होती है उसे आत्मिक विद्वत्ता के साथ बच्चों में प्रत्यारोपित करें। यह प्रयास विद्यालय को निश्चित ही एक नई दिशा देगा। ज्ञात हो कि आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। साथ ही इस का उपयोग कर के प्रशासन और शिक्षकों का समय बचेगा। जिले में शिक्षकों का समय बचाने तथा शैक्षणिक गतिविधियों की पहचान एवं सीखने सिखाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने, साथ ही गतिविधियों का आदान प्रदान हेतु व्हाट्सएप का उपयोग कम करने उद्देश्य से जिले में विनोबा अप की शुरुआत की गई है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवीन उपक्रम, टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए जिले में विनोबा ऐप को जिले में सक्रिय किया गया है। इसका उपयोग करने से शिक्षक, प्रधान पाठक, सीएसी को एक ही जानकारी बार-बार नहीं मांगी जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### जिला प्रशासन की नाकामी से माफियाओं के हौसले बुलंद



**सुकमा, 5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय में एनएच 30 से माफिया अवैध मिट्टी खान कर रहे हैं। विभाग और जिला प्रशासन इससे बेखबर है। माफिया मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी अवैध खनन करने वाले माफ्यिाओं पर नकेल कसने में जिला प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है।

### तेज आँधी से स्कूल की छत क्षतिग्रस्त



**सुकमा, 5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों तेज तूफ़ान व बारिश आई। जिसमें ग्राम पंचायत बोदारास के अन्तर्गत ग्राम कातुलमिरी का उच्च प्राथमिक शाला स्कूल की छत में लगी टीन सीट उखड़कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे बारिश के दिनों में बच्चों व शिक्षकों परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से इसे त्वरित संज्ञान में लेकर सुधार करने की मांग की है।

### बोदारास क्षेत्र मे तीन दिनों से बिजली बंद

छिन्दगढ ब्लाक के ग्राम पंचायत बोदारास के अन्तर्गत कुम्हाररास, डोलापारा, कातुलमिरी, पेदापारा, बोदारास क्षेत्र मे तीन दिनों से बिजली बंद है। विगत दिनों तूफान बारिश बजह से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी बिजली विभाग को बार बार दिया जा रहा है लेकिन आज पर्यन्त तक विभाग नदारद है। भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीण कलेक्टर से शिकायत करने तैयारी कर रहे हैं। वहीं आम जनता पेयजल के लिए भी तरस रही है। वर्तमान स्थिति में जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### कृषि विज्ञान केन्द्र ने किया ग्रीष्मकालीन दलहनी एवं तिलहनी फसलों का प्रदर्शन



**सुकमा, 5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्रीष्मकालीन दलहनी एवं तिलहनी फ़सलों का किसानों के खेत में सफल प्रदर्शन किया गया। जिसके अंतर्गत 25 एकड़ में मूंग फ़सल की शिखा किस्म, 25 एकड़ में उर्द फ़सल की इंदिरा उड़द प्रथम किस्म तथा 15 एकड़ में सूरजमुखी फ़सल की हाइब्रिड के. बी.एस .एच.-44 का जिले के दो विकासखंड सुकमा और छिंदगढ के करीब दस गाँव मे प्रदर्शन लगाया गया जिसमें कृषि की सभी नवीन तकनीकी का उपयोग किया गया, उच्च स्तरीय बीज , जैविक खाद एवं कतार बौनी करके फ़सल बोई गई, केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों की टीम श्री एच. एस. तोमर, श्री आर. पी. कश्यप, डॉ परमानन्द, डॉ योगेश सिदार, डॉ संजय राठौर, श्री यमलेशर भूआर्या ने समय समय पर जाकर खेतों का निरीक्षण और अवलोकन किया तथा किसानों को हर समस्या का निराकरण बताया, वर्तमान मे तीनों फ़सल की कटाई की जा रही है, उपरोक्त तीनों प्रदर्शनों के सफल आयोजन में जिले के उप संचालक कृषि श्री पी. आर. बघेल एवं उनकी टीम द्वारा किसानो के चयन तथा प्रदर्शन के आयोजन में पूरा पूरा सहयोग मिला, ग्रीष्मकालीन फसल उत्पादन का मुख्य उद्देश्य किसान भाइयों को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी आय बढ़ाने के साथ साथ फसलचक्र परिवर्तन अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाना है।

## एक नजर

### तीन सदस्यीय उड़नदस्ता नियुक्त

**महासमुंद 5 मई।** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) 2024 का आयोजन रविवार 5 मई 2024 को दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः20 बजे तक किया जाएगा। जिले में उक्त परीक्षा में इस वर्ष 1050 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने प्रवेश पत्र तथा उत्तर सीट में दिए गए फोटो एवं हस्ताक्षर के सूक्ष्म मिलन के लिए तीन सदस्यीय उड़नदस्ता नियुक्त किया है। जिसमें श्रीधर पंडा प्रभारी तहसीलदार, श्री मोहन राव सावंत जिला शिक्षा अधिकारी एवं श्री मनोज कुमार जिला खेल अधिकारी उड़नदस्ता होंगे। उक्त परीक्षा जिला मुख्यालय में निर्धारित चार परीक्षा केंद्रों रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल पिटियाझर रोड, गुड शेफर्ड स्कूल अयोध्या नगर, वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल एफसीआइ रोड महासमुंद में आयोजित है।

### ओछी राजनीति से बाज आए कांग्रेस नहीं तो 40 से 4 में सिमट जाएगी: नीलू शर्मा

**राजनांदगांव 5 मई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे के वैक्सीन पर स्पष्टीकरण के सवाल पर करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस को चुनाव में मुद्दे नहीं मिल रहे हैं, इसलिए छोटी सी बात को भी बड़ा बनाकर या झूठ बोलकर कि भाजपा संविधान बदलेगी कहकर चुनाव की नैया पार करने की कोशिश में लगे हुए हैं। शर्मा ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की कोरोना वैक्सीन को अन्य वैक्सीन से बेहतर बता रहा है। नीलू शर्मा ने कहा कि सच्चाई यह है कि यह मुद्दा कुछ लोगों को असमय अटैक आने के कारण उत्पन्न हुआ, तो कांग्रेस ने वैक्सीन को जिम्मेदार बताया तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा वैक्सीन कंपनी से पूछे गए प्रश्न पर कंपनी ने जवाब दिया कि वैक्सीन का साइड इफेक्ट होता है परंतु साइड इफेक्ट का अर्थ यह है कि जिस व्यक्ति को यह वैक्सीन शूट नहीं होगी उसके दुष्परिणाम 24 घंटे के अंदर या कुछ दिनों में दिखने लगते हैं, और यह विश्व की हर दवाई में पाया जाता है । हर दवाई के दुष्परिणाम होते हैं परंतु भारत की इस वैक्सीन के दुष्परिणामों से 10 लाख में से एक व्यक्ति में इसके दुष्परिणाम पाए गए। प्रतिशत की दृष्टि से यह वैक्सीन पूर्णतः सफल पाई गई । इस वैक्सीन के दुष्परिणामों से कुछ जान गई, परंतु अगर वैक्सीन नहीं बनाई जाती तो करोड़ों जाने जा सकती थी। भारत में महामारी फैल सकती थी। दुष्परिणामों के प्रभाव से हैजा, चेचक इत्यादि टिको से भी हजारों जाने गई थी,परंतु उस समय विपक्ष में रही भाजपा ने कभी भी देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं किया, शर्मा ने जोर देकर कहा की कांग्रेस भी सच्चाई जानती है परंतु चुनाव का समय है, इसलिए वह ओछी राजनीति पर उतर आई है और जनता को भ्रमित कर रही है।

# शिवलिंग व नंदी को खंडित करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

## भगवान राजीव लोचन की पावन धरा राजिम क्षेत्र के ग्राम दुतकैय्या की घटना को लेकर चक्काजाम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम 5 मई।** जब लोग दुखी होते हैं तो भगवान की शरण में जाते हैं और भगवान सब के दुख को हरते हैं और उनकी समस्या का निवारण करते है पर अगर भगवान ही सुरक्षित ना हो तो अब इंसान किसके पास जाए ऐसा ही कुछ इन दिनों जिले के एक ग्राम में देखने का मिल रहा है। भगवान राजीव लोचन के नगरी से कुछ किलो मीटर दूर में घटित यह घटना देवों के देव महादेव मंदिर की है।जो सुरक्षित नहीं दिख रहा ।जिस तरह बीते कुछ सालों में गांव गांव शिव भक्तों की संख्या में वृद्धि हुई है।और भगवान शिव के मंदिर में पूजा पाठ करने श्रद्धालुओ का ताता लगा रहता है ।खासकर महिलाओं में शिव भक्ति को लेकर बहुत ही आस्था,विश्वास जुड़ा हुआ है।और देवो के देव महादेव का सभी देवी देवता में अधिक पूजा पाठ होता है। जिस कारण देवो में सर्वश्रेष्ठ और ऊंचा स्थान है पर कुछ दिन पहले राजिम विधानसभा के ग्राम दूतकैया के शिव मंदिर में आसामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ करते हुए शराब की बोतले तोड़ी गई है और मंदिर को जिस तरह नुकसान पहुंचाया गया इस शिव भक्तों को गहरा ठेस पहुंचा है। पर आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं।और इसको लेकर हिंदू संगठनों ने सड़क चक्का जाम कर।विरोध किया है और पुलिस प्रशासन को एक निश्चित समय का अल्टीमेटम भी दिया गया है ।पर जिस तरह विष्णु के राज में शिव सुरक्षित नहीं है।इसको लेकर लगातार विरोध और आम आदमी में आक्रोश बढ़ रहा है बता दे कि बीते 5 दिन पहले जिस प्रकार आसामाजिक तत्वों ने मंदिर में जमकर उत्पात मचाया है।उससे हिंदुओ की आस्था को गहरा ठेस पहुंचा है। पर 5 दिन होने के बाद भी आरोपी सलाखों के पीछे नहीं है।तो गांव गांव में विराज मान विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां और मंदिरों की सुरक्षा को लेकर अब जिले में सवाल उठने लगा है समय रहते अगर इस पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में इस प्रकार के घटना से गंभीर और बड़ा रूप ले सकता है जिला प्रशासन और राज्य सरकार को चाहिए की समय रहते आरोपियों की धर पकड़ कर उसको उनके किए की सजा मिले जिससे आने वाले समय में ऐसे आसामाजिक तत्वों को हिंदुओ की आस्था के साथ खिलवाड़ करने के बारे में सोचने को मजबूर हो जाए।

# परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण दिया



**महासमुंद 5 मई।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष घोषित किए जाते हैं विद्यार्थियों के अपेक्षित परिणाम नहीं आने से विद्यार्थी प्रायः तनाव में रहते हैं तथा कुछ विद्यार्थी तो डिप्रेशन में चले जाते हैं, जिला प्रशासन द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिले के हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभी प्राचार्यों का प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने उदबोधन में कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने वाले है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पहले या बाद में विद्यार्थियों को निराश होने या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। पालकों को भी बच्चों से बहुत अधिक एक्सपेक्टेशन नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे में यह प्रवृत्ति पायी जाती है या इस संदर्भ में कोई भी सूचना मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नंबर ÷104/14416 आरोग्य सेवा निःशुल्क परामर्श÷ पर सूचित किया जा सकता है । यह टोल फ्री नंबर 24म7 संचालित रहेगा। इसके अलावा जिले के 07723299858 पर भी संपर्क किया जा सकता है। सूचना प्राप्त होने पर विद्यार्थियों के हित में तत्काल समाधान उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कई बच्चे अपेक्षा अनुसार परिणाम नहीं ला पाते इस स्थिति में तनाव नहीं लेना चाहिए। कम नंबर लाने का मतलब यह नहीं है कि नॉलेज कम है, कई व्यक्तित्व ऐसे हैं जो अपने बचपन में अच्छे नंबर नहीं ला पाए पर आगे जाकर उन्होंने बहुत ख्याति प्राप्त की।

श्री मलिक ने शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों व अधिकारियों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के संबध में सतत काउंसलिंग करने के आवश्यक निर्देश दिए। ब्लाक स्तर पर भी इसी तरह का ट्रेनिंग आयोजित किए जाएंगे। अपर कलेक्टर श्री रवि साहू ने अपने अनुभव और नवजीवन के बारे में विस्तार से बताते हुए पालक व जन सहयोग आधारित कार्यक्रम, स्वयंसेवी की मदद लेने की प्रक्रिया और क्रियान्वयन के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग से पहुंचे विषय विशेषज्ञ ने कुछ ऐसे व्यक्तित्व का उदाहरण दिया - जिनके प्रारंभिक जीवन में चुनौतियां थी परंतु बाद में भी सफल हुए। उदाहरण के लिए बिल गेट्स, अल्बर्ट आइंस्टीन, थॉमस एडिसन। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों को हमेशा इनकरेज करना चाहिए , फैमिली एनवायरमेंट हमेशा पॉजिटिव होना चाहिए, बच्चों को अन्य बच्चों के साथ कंपेयर नहीं करना चाहिए और हमेशा बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहिए।

## समाचार संक्षेप

### किसान ने आधुनिक तकनीक अपनाई तो खेती में उसकी कमाई हो गयी दोगुनी



**पत्थलगांव 5 मई।** पानी की कमी को देखते हुये क्षेत्र के कुछ कृषक डीप पद्धति का सहारा लेकर खेती किसानी का काम कर रहे है,इस काम से जहा इन्हे कम पानी मे अच्छी पैदावार मिल रही है,वही ये गरीबी से खुशहाली की ओर से भी बढने लगे है,गाला के भरत देहरी,अटल भोय पांच सालो के अंतराल मे अपना सुखमय जीवन व्यतीत करने लगे है,उनका कहना था कि खेती किसानी की नयी तकनीक जानने के बाद उनके जीवन मे खुशहाली आनी शुरू हो गयी थी,इससे पहले ये पुराने माध्यम से अपने खेत व बागानो को सिंचित करने के लिए मौसम की बारिश पर निर्भर रहा करते थे,परंतु कुंअे के कम पानी मे ड्रीप पद्धति अपनाकर अब ये किसान एक खुशहाल जीवन जीने लगे है। दरअसल पिछले कई सालो से गाला मे रहने वाला भरत देहरी,अटल भोय अपने खेतो मे गन्ना,बंदगोभी,फूल गोभी,बरबटटी,खीरा,सरसो,टमाटर की पैदावार कर रहे है,परंतु पुराने समय मे उन्हे खेती कर बहुत अधिक लाभ नही मिल सका। अब वे ड्रीप पद्धति से खेती कर अधिक लाभ ले रहे है। उन्होने बताया कि इस पद्धति से उनकी आय मे दो गुनी वृद्धि हो चुकी है। ये पहले जहा अपने खेतो मे पच्चीस से पचास क्विंटल गन्ने की पैदावार कर रहे थे,अब वह पैदावार बढकर टनो मे पहुंच गयी है,उसके अलावा उन्होने अपने खेतो मे सरसो,फूलगोभी,बंद गोभी,टमाटर,खीरा की भी पैदावार कर रखी है,ये अपने खेतो को कृषि की नयी तकनीक से विकसित किये है।। व्हाईट हाउस का निर्माण-ःभरत देहरी,अटल भोय अपने खेतो मे व्हाईट हाउस का निर्माण किये है,जिसके कारण उनकी पैदावार को कीटो के प्रकोप से किसी प्रकार का खतरा नही रहता। उनके खेतो मे बनाये व्हाईट हाउस फसल को जरूरत के मुताबिक धूप एवं वर्षा देते है,जिससे पैदावार मौसम अनुकूलित होकर नुकसान नही उठाना पडता,इस संबंध मे भरत देहरी का कहना था कि पुराने संसाधनो से खेती व सब्जीयों की पैदावार करना कठिन काम था,परंतु अब के नये संसाधन जहा खेती के काम मे सुविधा जनक है,वही इनका उपयोग कर फसल की पैदावार भी बढ गयी है।। दस सालो में चार गुना हुयी आय-ःगाला के कृषक अटल भोय का कहना था कि पिछले पांच सालो मे उनकी आय मे चार गुना वृद्धि हुयी है,ये अब अपने खेतो मे मौसम आधारित प्रत्येक प्रकार की सब्जीयों का उत्पादन कर रहे है,उनके द्वारा अब खेत मे उगायी सब्जीयों को दूसरे राज्यो मे भी सप्लाई किया जा रहा है। उनका कहना था कि आज से कुछ वर्ष पूर्व ये महिने मे पांच से दस हजार रूपया सब्जीयां बेचकर कमाया करते थे,परंतु अब ये आय कई गुना बढ चुकी है,वर्तमान मौसम के अनुसार इस समय उनके खेतो मे फूल गोभी,खीरा,कक्कडी,टमाटर की फसल लगायी गयी है।

### अध्यक्ष गीता घासी साहू ने किया महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का सम्मान



**राजनांदगाँव 5 मई।** भाजपा महिला मोर्चा मंडल रिसाली भिलाई द्वारा महतारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना से लाभार्थी महिलाओं को सम्मान करते हुए राजनांदगाँव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भाजपा ने ही किया है। जनधन खाता, उज्जवला सिलेण्डर, महिलाओं के नाम राशन कार्ड और महतारी वंदन योजना सभी महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि देश में मोदी जी की गारंटी पर जन. जन को विश्वास है। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए, किसानों के सम्मान के लिए, सेना का हौसला बढ़ाने के लिए और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत है। अध्यक्ष गीता घासी साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनी और मात्र 100 दिनों में महत्वपूर्ण बड़े बड़े वादे जो मोदी की गारंटी के नाम से थे, उन्हें पूरा किया गया है। महतारियों बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की तीसरा किस्त भी जमा हो चुकी है। लोगो ने कमल खिलाने की ठान ली है लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है और दुर्ग लोकसभा मे विजय बघेल की विजय निश्चित है। महिला मोर्चा नेत्रियों ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।इस दौरान रिसाली महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रुखमणी साहू, उपासना साहू, आरती शर्मा, आशा यादव, ललिता सिंग, सुषमा सिंग सहित महिला मोर्चा कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

# मतदान सामग्री वितरण, केआईटी में तैयारियां अंतिम चरण में, कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 5 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन के लिए 07 मई को मतदान होना है। जिसके लिए मतदान दलों को 06 मई को रवाना किया जाएगा। जिले की तीन विधानसभाओं रायगढ़ए लैलूंगा और खरसिया के लिए मतदान सामग्री का वितरण केआईटी कॉलेज परिसर से होगा। यहां सामग्री वितरण के लिए सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज नोडल अधिकारियों के साथ वितरण स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को अंतिम रूप देने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पांडेय, सीएसपी श्री आकाश शुक्ला व एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम भी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री गोयल ने विधानसभावार पोलिंग मटेरियल किट और ईवीएम वीवीपैट मशीन के वितरण की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा के दलों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम से सामग्री निकालकर वितरण के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किया गया है, जो कि सीसीटीवी की निगरानी में है। सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर इसके अनुसार अपनी तैयारी पूरी कर लें। कलेक्टर श्री गोयल ने हर विधानसभा के अनुसार मतदान दलों को सामग्री प्रदान करने अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। जिस पर काउंटर वार मतदान केंद्रों की जानकारी फ्लेक्स से प्रदर्शित की गई है। कलेक्टर श्री गोयल ने यहां पर्याप्त संख्या में कूलर और पंखे लगाने के निर्देश दिए। अनाउंसमेंट के लिए व्यवस्थित माइक सिस्टम और लाइटिंग लगाने के लिए निर्देशित किया। कर्मचारियों के लिए पेयजल और ओआरएस की व्यवस्था हर विधानसभा के लिए बने काउंटर में पृथक से करने के निर्देश दिए, साथ ही यहां फ्लेक्स भी लगाने के लिए निर्देशित किया जिससे कर्मचारियों को असुविधा न हो। कलेक्टर श्री गोयल ने परिसर में मेडिकल हेल्प सेंटर को लेकर भी निर्देशित किया। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि मेडिकल हेल्प सेंटर में सभी जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक हो। इसके साथ ही परिसर में आपात कालीन स्थिति के लिए एंबुलेंस भी तैनात होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने पुलिस वितरण स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री गोयल ने परिसर में मतदान दल के लिए सशुल्क नाश्ते व भोजन की व्यवस्था के संबंध में भी खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए खाने-पीने की ताजा सामग्री रखी जाए। भोजन वाली जगह को व्यवस्थित किया जाए जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने परिसर में पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# गौवंश और साधु-संतों की हत्या करवाने का कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है: संतोष पाण्डेय

**रायपुर 5 मई।** भारतीय जनता पार्टी के राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में गौ वंश की हत्या को लेकर कांग्रेस और भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि गौठान की दलाली खाने वाले, गौ माता का निवाला छीनकर हजारों गौ हत्या की जिम्मेदार भूपेश बघेल घड़ियाली आंसू ना बहाए। हिम्मत है तो भूपेश बघेल जवाब देकर दिखाएं। कोलकाता के मेयर रहे विकास रंजन भट्टाचार्य ने चौराहे पर बीफ पार्टी का आयोजन किया था। सरेआम गो मांस का भक्षण किया गया। विकास को तब इसका पुरस्कार दिया गया था। उसे कांग्रेस ने कम्युनिस्ट पार्टी के सहयोग से राज्यसभा भेजा। केरल की कांग्रेस के ही नेता रिजिन मुकुट्टी ने सरेआम चौराहे पर सार्वजनिक रूप से गाय को मीडिया के सामने काटा था तब कहां थे मिस्टर भूपेश बघेल?

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि मैं याद दिलाना चाहता हूं कि, सन 1966 में गौ वंश हत्या के विरोध में प्रभुदत्त जी ब्रहमचारी और करपात्री जी महराज के नेतृत्व में 184 दिन का अनशन हुआ था। जब गौवंश को लेकर जब संत चले थे तो उन पर गोली चलाने के लिए आदेश पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दिया था। इससे साधु-संतों के हुए नरसंहार पर तात्कालीन गृहमंत्री गुजराली लाल नंदा को इस्तीफा देना पड़ा था। कि इसका प्रमाण है कि आर्यवर्त सहित कई अखबारों में उस नरसंहार और गौ हत्या के वर्णन का प्रकाशन। इसलिए भूपेश बघेल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ऐसी करतूतों को जानकर सोच समझकर बोला करें। कांग्रेस तो शुरू से ही गौ वंश के वध की समर्थक रही हैं। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि कांग्रेस को गौ वंश की हत्या करने पर करपात्री महराज और संतों ने श्राप देते हुए कहा था, सत्ताधीशा हमने भी संविधान स्वीकार किया है। आपने संतों को मारा है हम संतों के खून को माफ करते हैं, लेकिन आपने गायों को मारा है, जाइए आपका सर्वनाश हो जाए। इस पर भूपेश बघेल क्यों नहीं बोलते, यह जान लें कि कांग्रेस का सर्वनाश होना तय है। क्योंकि भूपेश जी आपने भी गौ वंश के नाम पर भ्रष्टाचार करने से नहीं चूके। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने चलबो गोठान, खोलबो पोल अभियान चलाकर राज्य के गाँव-गाँव के गौठानों तक जब पहुँची तब इन गौठानों में भारी अनियमितता देखने मिली। न गाय, न गोबर, न चारा नजर आया। गौठानों में कोई व्यवस्था नहीं मिली। गोठानों की दुर्दशा देखने के बाद यह आईने की तरह साफ नजर आया कि भूपेश बघेल सरकार ने गोबर और चारा घोटाला किया है।

### विधायक भोला राम साहू ने दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू का प्रचार किया

**राजनांदगांव 5 मई।** विधायक भोला राम साहू ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में लगातार प्रचार प्रसार कर रहे है । लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे- जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज होती जा रही हैं। जिसमे दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। खुज्जी विधायक दुर्ग लोक सभा के ग्रामों एवं शहरो में राजेंद्र साहू के समर्थन में वोट देने की अपील कि और विधायक ने विभिन्न ग्रामों एवं शहरो में पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के 5 न्याय सहित जन हितैषी घोषणा को जन जन तक पहुंचा रहे है। प्रचंड मतों से विजय बनाने प्रचार करते हुए दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इसी कड़ी मे दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के चुनावी सभा मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खुज्जी विधायक भोला राम साहू, वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रावण भाटा सुपेला में आयोजित चुनावी सभा मे शामिल हुए।पूर्व सीएम बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कि भाजपा जो 400 पार का नारा लगा रही है। वह अपने अंहकारी नीति व सत्ता में चूर मतवाले हाथी तरह है। संविधान और आरक्षण बंदलने की मंशा बना रही है। भाजपा सरकार लबरा सरकार है, सत्ता में आते ही महगाई का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। सिलेण्डर, राशन, मोटरसाइकिल, पेट्रोल, डीजल, सोना-चांदी मंहगा सब साथ-साथ हो रहा है। अब तो स्कूल और कॉलेज, प्रतियोगिता परीक्षा में फीस लेकर गरीब व प्रतिभावान छात्राओं को आर्थिक क्षति होगी। कांग्रेस सरकार के कई जीवनदायिनी योजना गौठान, रीपा, कम्पोस्ट खाद योजना पर तो ताला ही लगा दिया है।

# अंशदान व समयदान से राष्ट्र निर्माण संभव होगा: कुंती दीदी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 5 मई।** पांच दिवसीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला के चौथे दिन का प्रारंभ प्रतिदिन की ही तरह प्रातः 5.30 से 7.30 योग की कक्षा से हुआ।आज की योग कक्षा में शिविरार्थी बहनों द्वारा भी योग-आसन व प्राणायाम कराया गया।उसके पश्चात यज्ञ के द्वारा गर्भ संस्कार का प्रयोग करके बताया गया,जिसमें समस्त बहनों द्वारा एक स्वर में मंत्रों का उच्चारण किया गया जिसका गुंजन ,दिव्य वातावरण निर्मित किया,इसी यज्ञ के माध्यम से भुनेश्वरी साहू यशोदा साहू,रानी साहू,सुभद्रा साहू,भानुप्रिया साहू एवं अंजू साहू का दीक्षा संस्कार एवं पूजा ओमप्रकाश देशमुख का पुंसवन संस्कार संपन्न हुआ।।इसके बाद आज का महत्वपूर्ण विषय रहा समय दान व अंशदान,जिसको कुंती दीदी द्वारा हृदय स्पंदित करने वाली आह्वान को रखा गया,दीदी ने बताया कि -यदि गायत्री परिवार को जीवंत रखने के 2 सूत्र हैं, वह है समयदान व अंशदान,काम तो सबके पास होता है, परन्तु जो अपने निजी कार्यो के बाद समाजिक कार्य,समाज सेवा के लिए अपने समय का नियोजन करता है वही मानवता को जीवंत रखते हैं।साथ ही जो अपनी कमाई का एक अंश दान या समाज सेवा के लिए नहीं निकालता वह ,स्वार्थी या राक्षस तुल्य होता है, अतएव प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में समय व अंश दान करनी ही चाहिए,विशेष करके गायत्री परिवार के भाई-बहनों को।उसके पश्चात बहनों की अनवरत प्रस्तुतियां हुई।जिसके अंतर्गत बागबाहरा की टोली,फिंगेश्वर के दो टोली,राजिम की एक टोली,सुरसा बांधा, छुरा,गरियाबंद, राजिम,नवागांव आदि ब्लॉकों से बहनों की विभिन्न विषयों में प्रस्तुतियां हुई। कार्यक्रम के मध्य में छ ग जोन प्रमुख श्रीमती आदर्श वर्मा दीदी व शांतिकुंज प्रतिनिधि श्री सुखदेव निर्मलकर जी ,मुख्य अतिथि के रूप में रहें।आदर्श दीदी के स्वागत के लिए गरियाबंद नारी जागरण प्रमुख श्रीमती दुर्गावती सेन व श्रीमती चन्द्रकला यादव दीदी द्वारा किया गया तथा निर्मलकर बाबूजी के स्वागत श्री टीकम साहू जिला समन्वयक , एच एल साहू सहायक प्रबंध ट्रस्टी,पवन गुप्ता बाबूजी,,टीकम सेन,द्वारा किया गया। भोजन अवकाश के पश्चात बाकी टोली की प्रस्तुतियां हुई,व समूह चर्चा के माध्यम से शिविरार्थी बहनों द्वारा वार्षिक सामूहिक संकल्प लिया गया कि वे वर्ष भर में नारी जागरण अंतर्गत क्या-क्या कार्य करेंगे व कितने-कितने कार्य करेंगे।शाम को संकल्प दीप यज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें बहनों ने अपनी अभिव्यक्ति भी प्रस्तुत किए कि यह प्रशिक्षण उन्हें कैसा लगा।ज्यादातर बहनों ने प्रशिक्षण में पुनः आने की बात कही व ऐसा प्रशिक्षण होते रहना चाहिए ऐसा विचार बहनों की ओर से आया।इस प्रकार इस दीप संकल्प दीप यज्ञ से नारी जागरण कार्यशाला की समाप्ति हुई।टोली में डॉ कुंती साहू,सुश्री रुक्मणी बंछोर, सुश्री शांता साहू,श्रीमती गायत्री सोनी,श्रद्धा साहू व अदिति बहन रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम यादव उपजोन समन्वयक, नुकेश साहू जिला समन्वयक ,राघव वर्मा,पूरन साहू सह समन्वयक,उमेश साहू संगठन प्रभारी,कमलेश साहू ब्लाक समन्वयक ,खुशबू साहू,नेहा साहू साधु राम बलराम साहू जिला संगठन प्रभारी ,संतोष कुमार साहू संरक्षक युवा प्रकोष्ठ ,ट्रस्टीगण संतराम ध्रुव,भागवत साहू,तेजराम साहू, रिखी राम साहू, महेंद्र कुमार साहू,श्रीमती दीपा साहू,इकाई प्रमुख में राम कुमार साहू,चेतन सिन्हा, मां भगवती महिला मण्डल की सभी बहने ,ईश्वर सेन,रमेश साहू दिलीप साहू राखी यादव मीना पुष्पलता सिन्हा , एमकुमारी, भानु प्रिया बिंदा सिन्हा,हेमलता साहू,राजकुमारी साहू महेश्वरी यादव,नूतन श्रीवास टोपेश्वरी सिन्हा,अंजू साहू कस्तूरी साहू ,पुरुषोत्तम दीवान,तुलाराम साहू, अमृत साहू,शेख लाल साहू कौशल साहू,अनिल यदु,ईश्वर साहू , तामेश्वरी, भुनेश्वरी साहू यशोदा साहू रोशनी साहू का विशेष योगदान रहा।

# 'सांसद नहीं जनसेवक चुनें : अभिषेक अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 5 मई।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मात्र 2 दिन शेष है जहां चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में उनके सुपुत्र अभिषेक अग्रवाल अपने साथियों सहित सिमगा पहुंचे जहाँ उन्होंने देवांगन समाज के भवन परिसर में उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव आप लोगों के लिए सांसद चुनने का नहीं बल्कि जनसेवक चुनने का है। जो आपके हर सुख दुख में आपके के साथ खड़ा रहे।

उन्होंने सिमगा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी भीषण गर्मी में भी आप लोगों की उपस्थिति बता रही है कि आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता इतनी जोश के साथ अपने नेता को जीत दिलाने के लिए जी जान से कार्य कर रहे है। मैं तो सिर्फआप लोगों के समक्ष निवेदन करने आया हूँ कि आप लोगों को 7 मई को होने वाले चुनाव में सांसद नहीं बल्कि बृजमोहन अग्रवाल जैसा जनसेवक चुनने का सुनहरा अवसर मिला है जिसे आप लोगों को किसी भी हाल में चूकना नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी नेताओं की पार्टी नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जहां छोटे - से छोटे कार्यकर्ताओं को भी बड़े से बड़ा पद आसानी से मिलता है। इस बार भारतीय जनता पार्टी ने बृजमोहन अग्रवाल जी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सांसद चुनाव के मैदान में उतारा है। आप लोग 7 मई को भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर छत्तीसगढ़ से सर्वाधिक मतों से जीतने वाला सांसद बनाए ताकि केन्द्र सरकार में उनको उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी मिले जिससे छत्तीसगढ़ में विकास की एक नई गाथा लिखी जा सके। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामनरेश साहू रोहित साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र वर्मा देवलाल देवांगन अभिषेक साहू सरपंच बनसांकरा रमऊ यादव कुलपत ध्रुव दयालु निषाद नीलकंठ यदु छम्मन साहू सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रजना साहू ने घर-घर जाकर बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में मांगा वोट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 5 मई।** पूर्व विधायक रंजना साहू ने स्थानीय भाजपा नेता धीरज जैन सचिन जैन अभिजीत अवस्थी एवं उनके साथी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में मांगा वोट।

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मात्र 2 दिन शेष है जहां भाजपा कार्यकर्ता जी जान लगाकर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में नगर एवं ग्रामीण अंचल के घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार पहली बार देखने को मिल रहा है कि कार्यकर्ता



इतनी जोश के साथ अपने नेता को जीत दिलाने के लिए जी जान से कार्य कर रहे है। पूर्व विधायक रजना साहू लोगों से एक ही निवेदन करती नजर आ रही है कि आप लोगों को 7 मई को होने वाले चुनाव में सासंद नहीं बल्कि बृजमोहन अग्रवाल जैसा जनसेवक को चुनने का सुनहरा अवसर मिला है जिसे आप लोगों को किसी भी हाल में चूकना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी नेताओं की पार्टी नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है जहां छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं को भी बड़े से बड़ा पद आसानी से मिलता है और सभी कार्यकर्ता एक मत होकर पार्टी के हित में कार्य करते हैं आप लोग 7 मई को भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर छत्तीसगढ़ से सर्वाधिक मतों से जीतने वाला सांसद बनाना है ताकि केन्द्र सरकार में उनको उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी मिले जिससे छत्तीसगढ़ में विकास की एक नई गाथा लिखी जा सके।

## एक नजर

### फावड़ा बेठ से सिर पर प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 30 अप्रैल को प्रकरण प्रार्थी देवप्रसाद बंजारे पिता लैनूराम बंजारे उम्र 39 वर्ष साकिन कसहीडीह रात्रि 10 :00 बजे थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह अपने घर बनाने के लिये एक ट्रेक्टर रेती को अपने पड़ोसी तिहारू राम बजारे से पूछकर उनके घर के पास दिनांक 22.04.2024 को गिरवा दिया था जिसे उसका पुत्र आनंद राम बंजारे हमारे घर के पास क्यों रेती गिराया कहकर अश्लील गाली गलौज करते रहता था कि जो 30 अप्रैल का शाम 07 :45 बजे घर के पास खड़ा था उसी समय आनंद राम बंजारे अश्लील गाली गलौज करते अपने घर से फावड़ा लाकर रेती को घर के सामने गिराया है आज तुझे जान से खतम कर दूंगा कहते हुये फावड़ा के बेठ से सिर में मारकर चोट पहुंचाया है रिपोर्ट पर आरोपी आनंद राम बंजारे निवासी कसहीडीह के विरूध्द अपराध क्रमांक 127/2024 धारा 294, 307 भा.द.वि. पंजीबध्द कर घटना की जानकारी पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा सदानंद कुमार को अवगत कराने पर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही करने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निधी नाग के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी की पतासाजी हेतु आरोपी के मिलने के संभावित पता सकुनत ग्राम कसहीडीह में दबिश देकर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर, आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त प्लास्टिक का बेठ लगा फावड़ा को जप्त कर आरोपी के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही कर 2 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी का नाम आनंद राम बंजारे पिता तिहारू राम बंजारे उम्र 22 वर्ष साकिन कसहीडीड थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार भाटापारा है।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

# सुरक्षा बलों ने आम लोगों से की अपील 7 मई को निर्भीक होकर करें मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 5 मई।** जिला मुख्यालय में कलेक्टर के एल चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के नेतृत्व में एमपीएसएपी सहित पुलिस के जवानों के साथ रक्षित आरक्षी केंद्र से निकलकर गार्डन चौक,बस स्टैंड के रास्ते होते हुए अंबेडकर चौक से बाजपेयी हॉस्पिटल,मंडी रोड,सदर रोड,दुर्गा चौक बस स्टैंड से वापस आरक्षी केंद्र तक फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च से आम जनता को शांतिपूर्वक, निर्भीक होकर स्वच्छ मतदान का संदेश दिया गया तथा चुनाव के इस पर्व में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही शांति व्यवस्था बनाने का सख्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, विभिन्न कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार अमित गुप्ता,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निधि नाग सहित विभिन्न थानों के टी.आई मौजूद रहे।

# माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 5 मई।** लोकसभा क्षेत्र रायपुर के सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर को शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उन्हें चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर. दुबे सहित सहित एआरओ एवं माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बहुत ही संवेदनशीलता एवं गंभीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी बिना किसी संशय से अपनी जिम्मेदारियों का गम्भीरता से निर्वहन करें एवं प्रशिक्षण का लाभ लेते हुए अपने शंकाओं का समाधान प्राप्त करें। किसी प्रकार की शंका हो तो अपने उच्च अधिकारी से जानकारी लेकर शंका समाधान अवश्य कर लें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रथम ट्रेनिंग में दी गई जानकारियों का स्मरण कराते हुए 18 विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट से अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न प्रपत्रों की उपयोगिता बताकर संधारित करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में माइक्रो आर्ब्जवरों को मतदान स्थल पर तैयारी, ईव्हीएम, बैलेट यूनिट, मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, मतदाता पर्ची, मतपत्र लेखा तथा मॉक पोल, वीवीपैट में 50 वोट मॉक पोल कराने की कार्यवाही के पश्चात सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही, डाक मतपत्र, आदि प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया एवं उनके शंकाओ का समाधान भी किया गया।

## समाचार संक्षेप

### मारपीट की घटना में घायल युवक की बड़े अस्पताल पहुंचने में बिलंब से हुए मौत

**भाटापारा, 5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीते 3 मई को मारपीट की घटना मे गंभीर रूप से घायल सुनील डड़सेना की यहां के सिविल अस्पताल मे प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च संस्था मे बेहतर उपचार हेतु रेफर किया गया था किन्तु मरीज को यहां से ले जाने मे देर हो जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। इस संपूर्ण घटना क्रम के संबंध मे अस्पताल प्रबंधन से जानकारी के अनुसार बताया गया सिविल अस्पताल में 3 मई बजे सुनील डड़सेना, पिता-शत्रुहन डड़सेना उम्र 47 वर्ष निवासी- संत माताकर्मा वार्ड, भाटापारा को उनके पड़ोसी के द्वारा गंभीर स्थिति में लाया गया। अस्पताल में उपस्थित ड्यूटी डॉक्टर द्वारा बताया गया कि इनकी स्थिति अत्यंत गंभीर है इनको तत्काल ईलाज के लिए उच्च संस्था में ले जाना पड़ेगा। मरीज के परिजनों को अस्पताल आने में देरी के कारण इनकी स्थिति और खराब हो गयी। डॉक्टर उच्च संस्था ले जाने के लिए बोला गया किन्तु परिजन समय पर नही ले जा पाये। यह मारपीट की घटना थी जिसकी सुचना संबंधित थाना को तत्काल दिया गया। सिविल अस्पताल भाटापारा में 108 व एम्बुलेंस की सुविधा प्रतिदिन 24 घंटे उपलब्ध रहती है उक्त समय में 108 गाड़ी अन्य मरीज लाने गयी थी किन्तु दुसरी एम्बुलेस उपलब्ध थी परिजनो के आने में देरी व उच्च संस्था ले जाने में बिलंब करने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर होती चली गयी व ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। जबकि यहां सिविल अस्पताल मे डाक्टर उसका प्रारंभिक समुचित उपचार किया था वहीं समय से बडे अस्पताल ले जाने की बात अस्पताल के ड्यूटीरत डाक्टरों द्वारा कही गई थी।



**सिमगा, 5 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूर्व विधायक रंजना साहू ने स्थानीय भाजपा नेता सचिन जैन सहित अन्य कार्यकर्ता एवं छोटे-छोटे बच्चों के उपस्थिति में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के बृजमोहन अग्रवाल का जन्म दिवस मनाया।

### ईवीएम आईटी कॉलेज से कटघोरा के स्ट्रांग रूम में किया गया शिफ्ट

**कोरबा 5 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान दलों को सहूलियत प्रदान करने के लिए विधानसभा कटघोरा एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्य में उपयोग किए जाने वाले ईवीएम मशीन का वितरण कटघोरा के शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग से किया जाएगा। जिसकी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को कटघोरा के मुकुटधर शासकीय महाविद्यालय के लिए शिफ्ट किया गया। मशीनों के परिवहन के लिए जीपीएस युक्त वाहन का प्रयोग किया गया है एवं पूरे घटनाक्रम का वीडियोग्राफी भी की गई है।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, एसडीएम कटघोरा श्री सरोज महिलांगे, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री रोहित कुमार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मशीनों के सुरक्षित परिवहन हेतु तहसीलदार श्री भूषण सिंह मंडावी एवं श्री विनय देवांगन को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निर्धारित की गई है।गौरतलब है कि मतदान दलों को 06 मई को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया जाएगा।

# कुदमुरा रेंज में 36 हाथियों का दल

**कोरबा, 5 मई।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में 36 हाथियों का दल फिर पहुंच गया है। धरमजयगढ़ क्षेत्र से धमके हाथियों के इस दल ने रेंज अंतर्गत गुरमा गांव में एक दर्जन ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंद दिया है। जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के इस दल में 7 नर, 20 मादा तथा 9 शावक शामिल हैं, जिसने क्षेत्र में आते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। हाथियों के इस दल के श्यांग व सिमकेदा की ओर आगे बढने की संभावना है। जिसे देखते हुए संबंधित अमले को सतर्क कर दिया गया है। एक अनुमान के मुताबिक हाथियों के ताजा उत्पात में ग्रामीणों को हजारों रुपए की चपत लगी है। वन अमला द्वारा इसका आंकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसे मुआवजा स्वीकृति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जाएगा। वन विभाग की ओर से वन्य प्राणियों द्वारा संपत्ति को नुकसान पहुंचाए जाने पर उसकी भरपाई के लिए पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। गुरमा क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से ग्रामीणों में भय का वातावरण है। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की गहन निगरानी की जा



रही है। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई व एतमानगर परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों की सक्रियता लगातार बनी हुई है जिससे ग्रामीणों को खतरा कायम है। यहां वन विभाग द्वारा हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन के जरिए कराई जा रही है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बारी-बारी से ड्यूटी लगाई गई है जो मौके पर पहुंचकर हाथियों को निगरानी में जुटे रहते हैं। डीएफओ कुमार निशांत भी हाथियों की स्थिति पता लगाने रात में स्वयं जंगल की ओर निकल पड़ते हैं।

# साहित्यकार डा. सीमा अवस्थी दिल्ली मे होंगी सम्मानित

### दिल्ली में मिलेगा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 मई।** नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकारों में डा. इंद्राणी साहू साँची, डॉ सीमा अवस्थी 'मिनी', और छंदकार कन्हैयालाल श्रीवास को 11 मई 2024 को अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच द्वारा दिल्ली के भव्य कार्यक्रम में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच की संस्थापिका डॉ ममता सैनी (तंजानिया) द्वारा एक अनोखे आयुर्वेदिक ग्रंथ का संपादन किया



गया है। इसमें देश भर के प्रतिष्ठित 127 साहित्यकारों द्वारा दोहा छंद के माध्यम से हिन्दी भाषा में विभिन्न औषधियों की जानकारी दी गई है। साथ में भारत को जानें छंदबद्ध ऐतिहासिक पुस्तक में सम्पूर्ण भारत का काव्यात्मक निरूपण किया गया है। इन दोनों अनोखे ग्रंथों के लिए अलग-अलग प्रदेशों से समन्वयक बनाए गए थे। जिनके संपर्क और लेखकों के अथक प्रयास से ये ग्रंथ पूर्ण हो पाया। इन दोनों ग्रंथों को विश्व रिकॉर्ड गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इन ग्रंथों का विमोचन 11 मई को दिल्ली में किया जाएगा। वहाँ देश भर से उपस्थित सभी छंदकारों का अंतरराष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच संस्था द्वारा सम्मान किया जाएगा।

### मतदान कराने कोरबा जिले से बाहर जाएंगे मतदान कर्मी

**कोरबा, 5 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले से अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल के रूप में गौरेला-पेण्ड्रा (मरवाही विधानसभा) क्षेत्र में लगाई गई है। उक्त मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को गौरेला-पेण्ड्रा ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है। एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा ने बताया कि विकासखण्ड कोरबा के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बस पीजी कॉलेज कोरबा, करतला क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करतला खेल मैदान, षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर खेल मैदान तथा प्राथमिक षाला बरपाली के खेल मैदान के सामने से बस रवाना होगी। पोड़ी-उपरोड़ातथा कटघोरा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बस तहसील कार्यालय कटघोरा से तथा पाली क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली से बस रवाना होगी। सभी बसें 05 मई को दोपहर 12 बजे मतदान दल को लेकर गौरेला-पेण्ड्रा के लिए रवाना होगी।

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402210500008
/ब-121/ वर्ष 2023-24
ग्राम खोखली प.ह.नं. 41

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार पिता गोपीचंद गेहाणी निवासी भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खोखली प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 70/2, 368/6 रकबा कमशः 0.3840, 0.4890 हे. कुल खसरा नंबर 02 योग रकबा 0.8730 हे. लगान 0.50 रूपये की भूमि के ऋण पुस्तिका निवास स्थान से गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, की नकल, चालान की प्रति, बैंक अदेयता प्रमाण पत्र एवं थाना में दर्ज सूचना की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 27.05.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 27.05.2024 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भाटापारा (छ.ग.)

### लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए जिला पुलिस, राजस्व एवं केंद्रीय बलों के बीच समन्वय बैठक

# सामान्य, संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों की दी जानकारी

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित की गई समन्वय बैठक
- लोस चुनाव में सामान्य, संवेदनशील, अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो के संबंध में प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई विस्तृत जानकारी
- पुलिस, राजस्व एवं केंद्रीय बलों के मध्य आपसी समन्वय एवं सतत् संवाद व्यवस्था बनाए रखने हेतु आयोजित किया गया समन्वय बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मई।** जिला बलौदाबाजार/भाटापारा में 7 मई को लोकसभा चुनाव मतदान प्रक्रिया नियत है, जिसमें शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल, राजस्व के साथ अन्य विभागों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम एवं सुरक्षा प्रबंध हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है। इसी के साथ चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगभग 1000 की संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बल भी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पहुंच चुका है। इन केंद्रीय बलों में मध्य प्रदेश पुलिस, एसएसबी, सीआरपीएफ मध्य प्रदेश सशस्त्र बल आदि शामिल है। लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस बल, राजस्व, केंद्रीय सुरक्षा बलों एवं अन्य विभागों के मध्य आपसी सामंजस्य बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिससे चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की स्थिति का बड़ी आसानी पूर्वक सामना किया जा सके एवं शांति व्यवस्था कायम रहे। जिले में शांतिपूर्ण, निर्भिक एवं निर्विध्न चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 03.05.2024 को शाम 07:00 बजे पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार की अध्यक्षता में पुलिस, राजस्व विभाग एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों के मध्य समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अन्य विभागों के प्रमुख तथा लोकसभा चुनाव के लिए आए हुए केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव नोडल अधिकारी रामरतन दुबे द्वारा जिले की भौगोलिक स्थिति की जानकारी देते हुये विधानसभावार बनाये गये सामान्य एवं संवेदनशील केन्द्रों के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन के माध्यम से बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों के समक्ष जानकारी साझा किया गया। सांथ ही जिले में चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से स्थापित एफएसटी/एसएसटी लोकेशनों के बारे में बताया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत बलौदाबाजार दिव्या अग्रवाल द्वारा लोकसभा चुनाव के शांतिपूर्वक निष्पादन एवं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु किए गए प्रयासों के संबंध में जानकारी दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार द्वारा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में भी संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा गया कि मतदान दिवस के पूर्व जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण निर्मित करने हेतु पुलिस द्वारा तैयार कार्योजना के अनुरुप प्राप्त संख्या में पुलिस एवं सुरक्षा बल डिप्लाय किया जा रहा है। सांथ ही उन्होंने थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत फ्लैग मार्च, मोबाईल चेकिंग पाइट, फुट मार्च की कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया। बैठक के अंत में सदानंद कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों, राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं केंद्रीय बलों के अधिकारियों को लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सजग एवं आपसी सामंजस्य के साथ मिलकर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

समन्वय बैठक में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए आए हुए केंद्रीय बलों की सुरक्षा अधिकारी सहित 60 की संख्या में अधिकारी गण उपस्थित थे।

एक नजर

## दुकान के सामने खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 5 मई।** चिकनी मंदिर के पीछे अमित एजेंसी दुकान के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुमार हरपाल 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 7669 को चिकनी मंदिर के पीछे अमित एजेंसी दुकान के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## युवक से मारपीट

**रायपुर, 5 मई।** पीली बिल्डिंग के पास फाफाडीह में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुक्कु सोनकर 40 वर्ष संतोषी नगर खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह फाफाडीह पीली बिल्डिंग के तरफ घुमने गया था, तभी आरोपी आशीष सोनकर, जुगनु व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना

## जुआ-सट्टा खेलते तीन युवक पकड़ाए

**रायपुर, 5 मई।** सिविल लाइन और गुढ़ियारी थाना पुलिस ने अभियान चलाकर जुआ व सट्टा खेलते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 7150 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संत कंवरराम चौक के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी लक्ष्मीकांत वैष्णव 28 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5500 रुपए जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने लोको कालोनी मंदिर के पास दबिश देकर सट्टा खेलते आरोपी जयंत गोश्वामी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 1650 रुपए जब्त किया है।

## सरेआम शराब पीते दर्जनभर गिरफ्तार

**रायपुर, 5 मई।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रेलवे फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रताप सिंह ध्रुव 33 वर्ष व करण भारती 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अक्षय पाठक 29 वर्ष एवं सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी नेतराम साहू 45 वर्ष व घनश्याम देवांगन 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सलीम धोबानी 55 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी मोह.आमीर 22 वर्ष व सरफराज खान 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी पंकज टण्डन 25 वर्ष व कमलेश टण्डन 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नारायण चतुर्वेदी 44 वर्ष व गोवर्धन गायकवाड़ 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 5 मई।** तेलीबांधा पुलिस ने प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पत्ता नशीला कैप्सूल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने काशीराम नगर ओव्हरब्रीज के पास आरोपी शेख रहमान कुरैशीह 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 25 पत्ता प्रतिबंधित नशीला कैप्सूल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# जो उड़ गये परिंदे, उनका क्या अफसोस करें यहां तो पाले हुये परिंदे भी, गैर की छत पर उतरते हैं



सा ल 2014 में अंतागढ़ विधानसभा में उपचुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मन्तुराम पवार ने नाम वापस ले लिया था तब आसानी से भाजपा के भोजराज नाग विजयी हुए, नाग अभी कांकेर लोस के भाजपा प्रत्याशी हैं, और मंतुराम पवार ने हाल ही में भाजपा की सदस्यता ले ली है?

पडोसी राज्य मप्र के इंदौर लोकसभा से कांग्रेस उम्मीद वार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।अक्षय बम, भाजपा में शामिल भी हो गये हैं। इस खबर के बाद छ्ग की ही एक ऐसी ही घटना की याद ताज़ा हो गई है।छ्ग में विस उपचुनाव 2014 में कॉग्रेस प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया था और यही घटना अजीत जोगी, अमित के कॉग्रेस से बाहर होने का प्रमुख कारण भी बनीज.? सन 2014 में अंतागढ़ विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मंतुराम पवार ने नामांकन वापसी के एक दिन पहले ही नामांकन वापस लेकर भूमिगत हो गये थे। तब राजनीतिक गलियारे में तरह- तरह के कयास लगाये जा रहे थे। भाजपा इसके पीछे हारने का



डर और कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी को कारण बता रही थी, कांग्रेस, भाजपा की साजिश बता रही थी, कांग्रेसी मंतुराम पवार लगातार कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे। 1998 से 2003 तक राज्य के गठन के समय विधायक रहे, 2008, 20 13 में जरुर उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। 2008 के विस चुनाव में तो मंतूराम पवार की हार मात्र 108 मतों से विक्रमउसेण्डी से हुई थी, 2013 के विस चुनाव में मंतूराम पवार को 5171 मतों से पराजित किया था। बाद में विक्रम उसेण्डी के लोस चुनाव जीतने के बाद रिक्त हुई अंतागढ़ सीट में उपचुनाव हो रहा था। छ्ग की संसदीय परंपरा में वह पहली राजनीतिक घटना थी जिसमें कांग्रेस जैसे पुराने दल के अधिकृत प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस ले लिया

था वैसे छ्ग राज्य बनने के बाद संसदीय परंपरा को क्षति पहुंचाने की कई घट नाएं हुई है। अजीत जोगी के लिए भाजपा के विधायक द्वारा मरवाही विस सीट रिक्त करना, भाजपा के 12 विधायकों का दलबदल कर कांग्रेस में प्रवेश, विधायकों की खरीद-फरोख्त का प्रयास आदि ने नये राज्य की संसदीय परंपरा को आहत जरूर किया था। उस समय भी सवाल यह उठ रहा था कि मंतूराम पवार के नामांकन वापसी के पीछे आखिर कारण क्या थे? तब संगठन खेमा, पूर्व सीएम अजीत जोगी के बीच 36 का आंकड़ा किसी से छिपा नहीं था, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीत जोगी, मोती लाल वोरा से अंतागढ़ विस उपचुनाव के प्रत्याशी चयन में राय नहीं ली गई, नामांकन के लिए भी संगठन ने आमंत्रित नहीं किया यह आरोप अजीत जोगी का था। उनका यह भी कहना था कि मंतूराम पवार चुनाव लडऩा ही नहीं चाहते थे.. ? यही कहना मंतूराम पवार की पत्नी का भी था। फिर जब संगठन खेमे ने जोगी के 250 नामों में किसी को भी संगठन में शामिल नहीं किया था तो जोगी समर्थक को उपचुनाव के प्रत्याशी बनाना भी क्या जरूरी था? लगातार हारने वाले मंतूराम को प्रत्याशी बनाने की क्या मजबूरी थी? ऐसे में प्रदेश की सरकार और भाजपा नेताओं की इस मामले में भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता था।खैर बाद में सीडी आई, कुछेक अखबारों में भी छपा, थाने में रिपोर्ट भी दर्ज हुई..तथा कथित लेनदेन की बड़ी चर्चा हुई।कॉग्रेस, भाजपा नेताओं के नाम भी चर्चा में आए, कॉग्रेस कमेटी ने अमित जोगी को पार्टी से निकाल भी दिया और कालांतर में अजीत जोगी का कांग्रेस छोड़कर नई पार्टी बनाने का सन्दर्भ बना, पर आज तक यह खुलासा नहीं हो सका है कि मंतुराम पवार ने नामांकन वापस क्यों लिया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग थे। खैर मंतूराम पवार के नामांकन वापसी के बाद तब के प्रदेशकांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल और टीम की नेतृत्व क्षमता पर सवाल भी उठा था।




### जनवरी से अब तक 95 नक्सली मारे गये...

छग में भाजपा सरकार बनने के बाद नक्सली प्रभावित बस्तर में लगातार सुरक्षाबलों को बड़ी सलता मिली है, कभी नक्सल माम ले में आईपीएस कल्लूरी का कोई विकल्प नहीं था, पर अब सुंदरराज ने बखूबी नक्सलीक्षेत्र को सम्हाल रखा है बल्कि बस्तर में पद स्थापना, नक्सलियों को चुन-चुन कर मारने का भी रिकार्ड बनाया है।आईजी , बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने बताया वर्ष 2024 में अब तक प्रतिबंधित, गैर कानूनी सीपीआई, माओवादी संगठन के विरूद्ध संचालित अभियानों के परिणाम स्वरूप बस्तर रेंज अंतर्गत कुल 95 माओवादियों के शव बरामद करने, अत्याधुनिक हथियार, एलएमजी -02, एके 47- 04, एसएलआर -01, इंसास - 03, 30 3 रायफल-



04, 9एमएम पिस्टल - 04 सहित बहुतायत संख्या में अन्य आर्म्स एम्युनेशन, विस्फोटक सहित अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

### आईपीएस सिंह की बहाली, सुको जाएगी नहीं छग सरकार?

अनिवार्य सेवानिवृत्त आईपीएस जीपी सिंह को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण(कैट) दिल्ली से बहाली मिल गई है। कैट ने 4 हफ्तों के अंदर सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाली का आदेश दिया है।चूँकि कैट, हाई कोर्ट के सम तुल्य होता है इसलिये यदि छ्ग की राज्य सरकार इस फैसले से सहमत नहीं



है तो सुप्रीम कोर्ट जा सकती है पर मौजूदा छ्ग की भाजपा सरकार ऐसा करेगी, लगता तो नहीं है?1994 बैच के आईपीएस जीपी सिंह को राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछली सरकार के कार्य काल में बर्खास्त कर दिया था।एक जुलाई 2021 को ईओडब्लू , एसीबी ने जीपी सिंह के खिलाफ दर्ज एफ आईआर के आधार परकार्र वाई शुरू की थी।आय से अधिक संपत्ति का माम ला दर्ज किया गया था। रायपुर के सरकारी बंगले से लेकर ओड़िशा तक के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। सरकारी बंगले में दस्तावेज मिले थे।सरकार केखिलाफ साजिश जैसी बातें सामने आई थी। इस दौरान इन्हें राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था।जनवरी 22 में जीपी सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। करीब 4 माह जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।जुलाई 23 में केंद्रीयगृह मंत्रालय ने छ्ग सरकार की अनिवार्य सेवानिवृत्ति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुए रिटायर्ड कर दिया था।

### ईडी ने जब्त की करीब 205 करोड़ की सम्पत्ति...

ईडी ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले से जुड़े आरोपियों की लगभग 205.49करोड़ की संपत्ति अटैच कर दी है। अटैच संपत्तियों में होटल, बहुमंजिली इमारतें शामिल हैं। बताया गया है कि, इन संपत्तियों में से ज्यादातर रायपुर के स्टेशनरो, शंकर नगर जैसे महंगे इलाके में हैं। जब्त सम्पतियों की कीमत लगभग 205 करोड़ बताई गई है।उक्त जानकारी ईडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में पोस्ट करके दी है। ईडी ने उसमें लिखा है कि, इन संपत्तियों में 18 चल, 161 अचल संपत्तियां हैं।इसका संबंध पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और शराब घोटाले से जुड़े अन्य लोगों से है।

### और अब बस...

- » राहुल गाँधी इस बार रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे हैं तो अमेठी से केएल शर्मा कॉग्रेस से उम्मीदवार बनाये गये हैं।
- » महंगाई, महंगाई, महंगाई, कौन कहता है महंगाई है, 10 साल पहले 15 लाख खाते में आने का जुमला था? अब 5 किलो अनाज मिल रहा है, तो महंगाई घटी है न?
- » लोकसभा चुनाव-24 की आचार संहिता लगने के बाद छग में अब तक 119. 70 करोड़ नगद , शराब, ड्रग्स और सामग्री जब्त की जा चुकी है।
- » भाजपा सरकार ने छग के मीसाबंदियों की पेंशन शुरू करने का वादा पूरा किया है।पेंशन के साथ पिछले 5 साल का बकाया भुगतान भी हो रहा है।
- » अम्बिकापुर पुलिस की साइबर सेल यूनिट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत आठ को गिरफ्तार किया है।




पापी पेट का सवाल...



गर्मी
42
डिग्री सेल्सियस

# अवैध शराब बेचते 7 गिरफ्तार

**रायपुर, 5 मई।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 113 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1120 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने ग्राम सिनोधा में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी रोहित साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है7 पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने माना बस्ती बेरियर के पास आरोपी नारद साहू 43 वर्ष, बाबू सरकार 48 वर्ष व रामकुमार बंजारे 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से 52 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने गणेशराम नगर में आरोपी अनील कन्नौजे 21 वर्ष व देवराजा बुंदेल 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 640 रुपए जब्त किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने सरोरा रिंग रोड के पास आरोपी विनय चतुर्वेदी 32 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 330 रुपए जब्त किया है।

## चाकू लहराते तीन युवक पकड़ाए

**रायपुर, 5 मई।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाकू लहराते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के पास चाकू लहराते आरोपी राहुल गोड 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने मठपुरैना टंकी के पास चाकू लहराते आरोपी मोह.साहिद 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने महोबाबाजार चौक के पास चाकू लहराते आरोपी राजा मेघानी 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे 9 या 10 को होंगे जारी

**रायपुर, 5 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नतीजे की घोषणा 9 अथवा 10 मई को की जा सकती है. दोनों परीक्षाओं के नतीजे तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है. अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है. माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया. इसके बाद नतीजे तैयार किए गए. बताते हैं कि नतीजे तैयार करने का काम



भी लगभग पूरा हो चुका है. प्रयास किया जा रहा है कि रोके गए नतीजे के प्रकरणों की संख्या कम से कम हो. इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है ताकि किसी तरह की कोई दिक्कत न हो. सूत्रों के अनुसार 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के नतीजे अन्य वर्षों की भांति एक साथ 9 अथवा 10 मई को घोषित किए जाएंगे. नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप टेन की सूची भी जारी की जाएगी. इस बार बोर्ड परीक्षा में 6 लाख 6 हजार 578 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे. इनमें 12वीं में 2.61 लाख तथा 10वीं में 3 लाख 45 हजार 543 बच्चे पंजीकृत थे।

# मरीन ड्राइव के पास चलती कार में लगी आग

**रायपुर, 5 मई।** रायपुर में चलती कार में आग लग गई। मामला तेलीबांधा के पास मरीन ड्राइव का है। हालांकि इन दोनों ही मामलो में किसी को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है। रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कपड़ा कारोबारी संतोष माखीजा अपनी पत्नी के साथ कार से सदर बाजार किसी काम से आए हुए थे। काम निपटाकर वे घर जाने के लिए निकल रहे थे। कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद कार से अचानक तेजी से धुआं उठने लग गया। संतोष माखीजा कुछ समझ पाते तभी कार के बोनट से आग की लपटें तेजी से उठने लगीं। फौरन दोनों पति-पत्नी कार से निकलकर बाहर की ओर भागे। इस बीच कार के सामने के हिस्से में आग फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने फौरन पानी और फायर एक्सटिंगुइशर की मदद से आग पर काबू पाया। इस घटना में कार का एक हिस्सा बुरी तरह जल गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। इसी तरह की घटना तेलीबांधा के पास मरीन ड्राइव में हुई।

# मतदान के लिए हल्दी-चावल देकर किया आमंत्रित



**रायपुर 5 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह मतदाताओं को कलेक्टर की पाती देकर मतदान का आग्रह कर रहे हैं। आज कलेक्टर दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी के घर पहुंच कर आमंत्रण पत्र और पीला चावल भेंट कर मतदान का आग्रह किया। इसके अलावा कलेक्टर डॉ सिंह ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव एस.भारतीदासन और नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक कुंदन कुमार को कलेक्टर की पाती और पीला चावल भेंट कर मतदान के लिए अपील किया।

# आधी रात तीन दुकानों में आग

**रायपुर, 5 मई।** राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित राजधानी विहार के पास तीन दुकानों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग लगने से तीन गुमठीनुमा दुकानों का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आगजनी में दुकानदारों का लाखों का नुकसान हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। घटना देर रात डेढ़ बजे की बताई जा रही है। विधानसभा थाना क्षेत्र का मामला है।

## मातृशक्ति को धोखा देकर सत्ता पाना चाहती है कांग्रेस : भाजपा

रायपुर, 5 मई। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक रंजना साहू ने कांग्रेस की महालक्ष्मी न्याय योजना पर कांग्रेस के दोहरे मापदंडों पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया और अब महालक्ष्मी न्याय योजना के नाम पर कांग्रेस देश की मातृशक्ति को ठगने का काम कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा कि कांग्रेस महालक्ष्मी योजना को लेकर ढोल तो खूब पीट रही है, लेकिन अपने घोषणापत्र में वह इस बारे में कुछ और कह रही है। श्रीमती साहू ने इस योजना को लेकर कांग्रेस के प्रचार के ढोल की पोल खोलते हुए कांग्रेस घोषणापत्र में उल्लिखित बिंदुओं का खुलासा किया।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26